तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 11.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



व्यापार विहार तारामंडल के पीछे बने कचरा डंप में मवेशियों का जमावडा



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय बेलतरा महोत्सव आज से

**बिलासपुर।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयास तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी तक किया जा रहा है। नगपुरा मेला मैदान ग्राम पंचायत कड़री में आयोजित यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन व बेलतरा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में होगा। महोत्सव का शुभारंभ 16 जनवरी को संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### निगम के उप अभियंता को मिली पदोन्नति

**बिलासपुर।** नगर निगम बिलासपुर के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में अनुशंसा तथा मेयर इन काउंसिल में पारित निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 58 की उपधारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उप अभियंता से भीमेन्द्र कुमार गौतम का सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति की पुष्टि की गई है। पदोन्नति की पुष्टि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के पालन में उच्च न्यायालय में दायर याचिका के साथ अन्य याचिका प्रकरणों द्वारा पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगा।

### शिक्षकों की हड़ताल को मिला रहा जन समर्थन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रान्तीय आव्हान पर पूरे जिला मुख्यालयों पर एक साथ धरना प्रदर्शन/हड़ताल आन्दोलन 17 जनवरी को आयोजित किया गया। जिसका मकसद वेतन विसंगति दूर करना, प्रथम नियुक्ति सेवा की गणना करना, टेट अनिवार्यता खत्म करना है। वीएसके एप्स आवेदन की हाजिरी लगाने के विरुद्ध है। जिसके लिए हर ब्लाक व जिलों में आम शिक्षकों की बैठक पदाधिकारियों द्वारा प्रभारी बनाकर युद्ध स्तर पर तैयारियां पूरे जोर -शोर से तन्मयता से शिक्षकों ने बिगुल फूंक दिया गया है। इसे लेकर 14 जनवरी को आनलाइन बैठक रंजीत बनर्जी एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी कुमार कुर्रे ने अपने विचार एवं मार्गदर्शन दिया गया। 15 जनवरी को चकरभाठा में ब्लॉक पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक आहूत किया गया। जिसमें रंजीत बनर्जी प्रदेश सलाहकार अश्विनी कुमार कुर्रे कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील पांडेय जिला अध्यक्ष, विकास कायरवार आदि ने हड़ताल 17 जनवरी को सफल बनाने आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

### पालतू पशु दुकानों का पंजीयन अनिवार्य

**बिलासपुर।** जिले में संचालित सभी पालतू पशु दुकानों को संचालन दिनांक से 60 दिवस के भीतर तथा डॉग ब्रीडिंग सेंटरों को छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। पालतू पशु दुकान नियम 2018 की कंडिका 2(अ) के अनुसार पालतू पशुओं की श्रेणी में श्वान, बिल्ली, खरगोश, गिनी पिंग, हैमस्टर, मूसक या चूहिया एवं पिंजरा बंद पक्षी (एक्जोटिक रंगीन चिड़यिा) शामिल हैं। पंजीयन के लिए आवेदन संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ बिलासपुर में जमा कर सकते हैं। जिन्हें छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड रायपुर को पंजीयन के लिए प्रेषित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड रायपुर द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में संचालित अपंजीकृत पालतू पशु दुकानों एवं डॉग ब्रीडिंग सेंटरों, जिनके द्वारा पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध सीलबंदी की कार्रवाई की जाए।

# साढ़े चार हजार क्विंटल धान की कमी पर राइस मिल सील, 25 करोड़ का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही करने वाले राइस मिलर पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा गुरूवार को खपरी स्थित रघुबीर राइस मिल एवं बालकृष्ण फूड्स की आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान साढ़े चार हजार क्विंटल धान कम पाया गया। टीम ने धान के री-साइकलिंग की आशंका पर राइस मिल को सील करते हुए 25 करोड़ 30 लाख कीमती धान जब्त कर लिया है। इस सीजन में प्रशासन द्वारा की गई यह सबसे बड़ी कार्रवाई है।

■ री-साइकलिंग की आशंका पर हुई कार्रवाई

तखतपुर ब्लॉक के ग्राम खपरी में संचालित एवं कटस्म मिलिंग हेतु पंजीकृत राइस मिल रघुबीर राइस मिल एवं बालकृष्ण फूड्स की गुरूवार को जाँच की गई। राइस मिलर द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं पूर्व खरीफ वर्ष 2024-25 के उठाव किए गए धान का मिल परिसर में भौतिक सत्यापन किया गया। मिलर द्वारा उपरोक्त खरीफ वर्ष में कुल 2 लाख 42 हजार 158 बोरा (96 हजार 863.2 क्विंटल) धान का उठाव किया गया है, लेकिन, जाँच के दौरान मिल का भौतिक सत्यापन करने पर 2 लाख 30 हजार 897 बोरी (92 हजार 358.8 क्विंटल) धान ही उपलब्ध पाया गया।

राइस मिलर द्वारा समिति से उठाव किये गये 4 हजार 504 क्विंटल धान मिल परिसर में उपलब्ध नहीं होना पाया गया। मिल संचालक बालकिशन अग्रवाल का उपरोक्त कृत्य छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 का उल्लंघन है। उपरोक्तानुसार अनियमितता पाये जाने एवं धान की री-सायकलिंग की आशंका को ध्यान में रखते हुए भौतिक रूप से प्राप्त धान के स्टॉक 2 लाख 4 हजार 35 बोरी (81 हजार 614 क्विंटल) धान को जब्त किया गया तथा राइस मिल बालकृष्ण फूड्स को सील कर दिया गया है। जब्त किए गए धान की कुल कीमत पच्चीस करोड़ तीस लाख तीन हजार चार सौ रूपये है।

**खपरी-तखतपुर के रघुबीर राइस मिल एवं बालकृष्ण फूड्स पर प्रशासन की कार्रवाई**



मौके पर जांच करते अधिकारी।

### तीन दिन में तीन राइस मिल सील 40 करोड़ का धान जब्त

शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की टीम इन दिनों धान खरीदी, धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग में लापरवाही करने वालों पर सख्त रवैया अपना रही है। टीम ने लगातार तीन दिनों में 40 करोड़ रूपए का धान जब्त किया है। मंगलवार को कोटा के हरिकिशन फूड्स नामक राइस मिल में छापामार कार्रवाई कर साढ़े सात करोड़ का धान जब्त कर मिल को सील किया गया था। इसी तरह बुधवार को बिल्हा के गायत्री फूड्स से 6 करोड़ 86 लाख का धान जब्त कर मिल को सील किया गया था। गुरूवार को तीसरी कार्रवाई रघुवीर राइस मिल को सील करते हुए 25 करोड़ का धान जब्त करते हुए की गई।

### जारी रहेगा छापामार अभियान

खपरी के राइस मिल बालकृष्ण फूड्स में प्रशासन के निर्देशानुसार संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की थी। मौके पर जांच के दौरान करीब साढ़े चार हजार क्विंटल धान की मात्रा कम पाई गई। मिलर के द्वारा कम पाए गए धान की री-साइकलिंग की आशंका पर मिल को तत्काल प्रभाव से सील करते हुए यहां उपलब्ध 25 करोड़ 30 लाख रूपए कीमती धान को जब्त कर लिया गया है। कस्टम मिलिंग में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छापामार अभियान अभी लगातार जारी रहेगा।

अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

## यूनिवर्सिटी में फैली सनसनी, सिम्स से अपोलो किया गया रिफर

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र ने किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर के छात्र आयुष यादव ने गुरुवार को अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर स्थिति में छात्र को लेकर सिम्स पहुंची, जहां से उसे अपोलो रिफर कर दिया गया। छात्र की स्थिति गंभीर बनी हुई है, वहीं इस घटना से यूनिवर्सिटी में आज सनसनी फैली रही।

छात्र आयुष मूलतः उत्तर प्रदेश निवासी है, वह यहां कोनी के रिवर व्यू स्थित प्राइवेट हास्टल में रहकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि आज से छात्र की परीक्षा शुरू होने वाली थी, उससे पूर्व छात्र ने कोनी स्थिति निजी हास्टल में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। यह घटना सुबह 10-11 बजे के बीच है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, उसके बाद कोनी पुलिस थाना में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर रूप से झुलसे में छात्र आयुष यादव को लेकर सिम्स पहुंची। देखते ही देखते सिम्स में यूनिवर्सिटी के छात्रों की भीड़ लग गई थी। लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स के डाक्टरों ने छात्र को अपोलो रिफर कर दिया। अपोलो में छात्र का इलाज चल रहा है। उधर इस घटना को लेकर यूनिवर्सिटी में आज सनसनी फैली रही और सभी छात्र के आत्मदाह के प्रयास के पीछे की वजह जानने में लगे रहे।



सिम्स लाया गया घायल युवक।



### पुलिस ने छात्र का मोबाइल किया सीज

यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच यह भी चर्चा बनी हुई है कि घटना के पहले छात्र आयुष यादव ने घटना से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक स्टोरी भी पोस्ट की है और आत्मदाह का वीडियो बनाए जाने की चर्चा है। लेकिन ये सारे तथ्य पुलिस जांच में आगे सामने आएंगे, फिलहाल पुलिस ने छात्र के मोबाइल को सीज कर लिया है। मोबाइल की ही पुलिस जांच के बाद छात्र द्वारा आत्मदाह कोशिश की वजह पता चल पाएगा।



### डाक्टरों ने बयान लेने से पुलिस को किया मना

आत्मदाह का प्रयास करने वाले छात्र आयुष यादव का आज बयान नहीं हो पाया है। पुलिस अपने पेट्रोलिंग गाड़ी में छात्र को गंभीर स्थिति में लेकर सिम्स पहुंची, जहां से छात्र को अपोलो रिफर कर दिया गया। अपोलो हास्पिटल में भर्ती किए जाने के बाद पुलिस ने छात्र का बयान लेना चाहा, किन्तु अपोलो के डाक्टरों ने छात्र की गंभीर हालत को देखते हुए आज पुलिस को बयान लेने से मना कर दिया।

### कारण नहीं पता चला है

छात्र द्वारा खुद पर आग लगाकर आत्मदाह के प्रयास की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और पेट्रोलिंग वाहन से छात्र को सिम्स ले जाया गया, जहां से अपोलो रिफर कर दिया गया है। छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने आज बयान लेने से मना कर दिया गया, इसलिए आज बयान नहीं हो पाया है। छात्र का मोबाइल सीज कर लिया गया है और घटना के पीछे कारण का अभी पता नहीं चला है।

**भावेश शेंडे, टीआई, कोनी थाना**

### प्राइवेट हास्टल में रहता था

छात्र आयुष यादव उत्तर प्रदेश का है जो यहां कोनी के प्राईवेट हास्टल में रहता था। वह बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा है, उसने यूनिवर्सिटी से बाहर अपने प्राईवेट हास्टल में खुद पर आग लगा लिया। इस मामले की पुलिस जांच कर रही है और छात्र का अपोलो में ईलाज चल रहा है। घटना के पीछे कारण अभी पता नहीं चला है।

**प्रो. मनीष श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी, सीयू

### यूनिवर्सिटी के तालाब में छात्र की लाश का मामला ठंडा नहीं पड़ा

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में छात्र अर्सलान अंसारी की लाश मिलने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ पाया है कि आज एक अन्य छात्र द्वारा खुद को आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास करने की घटना सामने आने से एक बार भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी चर्चा में आ गई है। छपरा बिहार निवासी छात्र अर्सलान अंसारी गुरु घासीदास सेंट्रल में बीएससी फिजिक्स की पढ़ाई यूनिवर्सिटी के हास्टल में रहकर करता था। 21 अक्टूबर को अर्सलान हास्टल के अपने कमरे से निकलकर तालाब की ओर सीसीटीवी कैमरे में जाता दिखा। करीब तीन-चार दिनों बाद 24 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में एक लाश तैरती दिखी, जिसे पुलिस द्वारा तालाब से बाहर निकलवाया गया। इस घटना की जांच अभी तक चल ही रही है।

## मोपका में सर्वाधिक 1777 मीट्रिक टन धान की कमी

# 13 करोड़ का साढ़े 5 हजार मीट्रिक टन धान शार्टेज, नोटिस

**बिलासपुर।** जिले के चार संग्रहण केंद्रों करगीकला, बिल्हा, भरनीभांठा व मोपका में साढ़े पांच हजार मीट्रिक टन धान की शॉर्टेज की जानकारी मिली है। केंद्र के समर्थन मूल्य की दर पर नुकसान का आंकलन किया जाए तो शॉर्टेज वाले धान की कुल कीमत 13.22 करोड़ होती है। इस मामले में जिले के चारों संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया था, जिनके जवाब शासन को भेज दिए गए हैं।

प्रदेश के विभिन्न जिलों के संग्रहण केंद्रों में धान की शार्टेज हो और बिलासपुर जिला इसमें पीछे रह जाए, ऐसा कैसे हो सकता है। यह बात अलग है कि यहां धान की कमी चूहों के कारण नहीं हुई है। जिले के चारों संग्रहण केंद्रों में 5 हजार 583 मीट्रिक टन धान की शॉर्टेज आई है। इसके अंतर्गत करगीकला संग्रहण केंद्र में 747.1 मीट्रिक टन, बिल्हा में 1604. 5 मीट्रिक टन, भरनीभाठा में 1454. 12 मीट्रिक टन एवं मोपका संग्रहण केंद्र में सर्वाधिक 1777.6 मीट्रिक टन धान की शॉर्टेज आई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 2369 रूपए की एमएसपी पर किसानों को भुगतान किया जा रहा है। इस दर पर ही यदि शार्टेज गए धान की कुल कीमत का आंकलन किया जाए तो 55 हजार 830 क्विंटल धान की कीमत 13 करोड़ 22 लाख 61 हजार 270 रूपए होती है। इस मामले में चारों संग्रहण केंद्रों के प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब सभी के द्वारा दे दिया गया है।



विभाग के अनुसार सभी ने जवाब में बीते दस महीनों से धान के संग्रहण केंद्रों में पड़े होने के कारण सूखत व चोरी चले जाने के कारण शॉर्टेज आने की बात कही है। इस संबंध में वास्तविक जानकारी के लिए जिले में हाल ही पदस्थ हुए डीएमओ उपेंद्र कुमार से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### दो महीने में ही बदले गए डीएमओ

जिले में दो महीने के भीतर ही तीन-तीन डीएमओ काम कर चुके हैं। डीएमओ शंभु कुमार गुप्ता का नवंबर में ट्रांसफर होने के बाद अमित कुमार चंद्राकर को जिले का नया डीएमओ बनाया गया था। अभी इन्हें चार्ज लिए दो महीने ही हो पाए थे और इनका भी ट्रांसफर कर दिया गया। इनके स्थान पर वर्तमान में उपेंद्र कुमार डीएमओ के चार्ज में हैं। देखना यह है कि नए डीएमओ जिले में कितने दिनों तक टिक पाते हैं।

### शासन को जवाब दे दिया गया है

शॉर्टेज के मामले में चारों संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया था। सबके जवाब प्राप्त हो चुके हैं। सभी ने बीते दस महीनों से संग्रहण केंद्र में धान पड़े होने के कारण सूखत व चोरी होने के कारण शॉर्टेज होना बताया है। सबके जवाब शासन को भेज दिए गए हैं।

**अमित कुमार चंद्राकर,** तत्कालीन डीएमओ बिलासपुर

# मॉल में सीढ़ी से गिरकर युवक की हुई थी मौत, सभी बरी

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

बार में पार्टी के बाद देर रात सीढ़ी से गिरकर हुई गौरांग बोबड़े की मौत के मामले में पुलिस कोर्ट में सबूत नहीं पेश कर पाई, इसके चलते कोर्ट ने चारों आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया है। इसके साथ ही अब लगभग 10 साल पुराने इस मामले का पटाक्षेप हो गया है।

21 जनवरी 2016 को पुराना बस स्टैण्ड के पास रहने वाले बिल्डर श्रीरंग बोबड़े का बेटा गौरांग बोबड़े अपने दोस्त शुभम विहार निवासी किंशुक अग्रवाल, इंदू चौक सहगल गली निवासी अंकित मल्होत्रा व करण जायसवाल, करण खुशलानी के साथ मैग्नेटो मॉल के टीडीएस बार में पार्टी कर रहा था। रात पौने 3 बजे सभी बार से नीचे जाने के लिए सर्विस लिफ्ट की तरफ जा रहे थे। लिफ्टमैन ने उन्हें लिफ्ट से नीचे जाने की सलाह दी, किन्तु सभी सीढ़ी से नीचे उतरने लगे। इसी दौरान गौरांग 30 फीट उंचाई से नीचे बेसमेट में गिर गया। सभी दोस्त उसे उठाकर इलाज के



लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। दूसरे दिन पुलिस मॉल पहुंचकर जांच में जुट गई। सिविल लाइन पुलिस ने मामले में 304 भाग 2 के तहत अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। बाद में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले में हत्या की धारा 302 जोड़कर सुनवाई शुरू की गई। 9 साल तक मामला कोर्ट में चलता रहा। 15 जनवरी को नवम अपर सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद पाया कि पुलिस हत्या के कारणों व साक्ष्य सबूत पेश नहीं कर पाई है। इसके आधार पर चारों आरोपियों को बरी कर करने आदेश दिया गया है।

# नूतन चौक हादसाः कार चालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शहर के नूतन चौक पर 8 जनवरी की रात हुए सड़क हादसे में युवक और युवती की मौत के मामले में पुलिस ने 7 दिन बाद कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जांच के बाद गुरुवार को सरकंडा पुलिस ने कार चला रहे युवक पर बीएनएस की धारा 281, 125(1), 106(1) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि आठ जनवरी की रात नूतन चौक के पास तेज रफ्तार कार और हाईवा में आमने-सामने टक्कर हो गई थी। हादसे में कार सवार हिमांशु राठौर और अंशु चंद्रा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अंशु की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि हिमांशु ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। कार में सवार आनंद चंद्रा को गंभीर चोटें आईं, वहीं चालक नीरज द्विवेदी को



नूतन चौक पर ओवरटेक के समय हुआ हादसा

हाइवा ने कार को मारी टक्कर चार गंभीर, सीट में फंसी युवती

मामूली चोटें आई थीं। जांच में सामने आया कि कार चालक ने शराब का सेवन कर रखा था और तेज गति से वाहन चला रहा था।

ब्रेक लगाने के दौरान कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में चली गई, जिससे सामने से आ रही हाइवा से टक्कर हो गई। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# न्यूनतम तापमान बढ़ा, हवाओं के चलते ठंडक बरकरार

**बिलासपुर।** ठंड का कहर पिछले 10 दिनों के मुकाबले काफी कम हो चुका है। न्यूनतम तापमान दिन ब दिन बढ़ रहा है लेकिन हवाओं के चलते ठंड महसूस हो रही है। खासकर सुबह और शाम के समय ठंड का जलवा बरकरार है।

तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी है, सूरज की किरणें में थोड़ी सी तीव्रता आ चुकी है, एक ही जगह पर अधिक देर तक धूप में रहने पर लोगों को तीव्रता का एहसास हो रहा है। वहीं आसमान पर हल्के बादल भी छा रहे है, जिसके चलते सुबह के समय ठंड कम हो चुका है। इस दौरान बिलासपुर का न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 26 डिग्री जा पहुंचा है। बताया जा रहा है कि दुर्ग और जगदलपुर का तापमान 30 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है लेकिन अंबिकापुर में अभी भी ठंड सितम ढा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने नारायण को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अमर नारायण को चन्दूलाल चन्द्राकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व एक ऐतिहासिक अनुशीलन विषय पर सामाजिक विज्ञान अध्ययनशाला के अंतर्गत इतिहास विषय में पी-एचडी की उपाधि प्रदान की है। उक्त शोध कार्य को उन्होंने प्रोफेसर प्रदीप शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में रहकर पूर्ण किया।

### डॉ शत्रुघन के लघुकथा संग्रह अंजोर का विमोचन




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन सिम्स आडिटोरियम में किया गया। उक्त सम्मेलन में संस्कृति व धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक द्वय धरम लाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अधिष्ठाता सिम्स डॉ रमणेश मूर्ति तथा आयोग की सचिव डॉ अभिलाषा बेहार के कर कमलो से साहित्यकार डॉ शत्रुघ्न जेसवानी शाद की लघुकथा संग्रह अंजोर का विमोचन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा की 50 कहानियों का संग्रह है। इस अवसर पर डॉ विनय कुमार पाठक, डॉ राघवेंद्र कुमार दुबे, डॉ विवेक तिवारी, शीतल प्रसाद पाटनवार, बालमुकुंद श्रीवास, डॉ अंकुर शुक्ला, डॉ आशीष श्रीवास, मनोहर लाल मानिकपुरी, रामनिहोरा राजपूत, राजेश सोनार आदि मौजूद थे।

### महामाया आईटीआई में वार्षिक खेलकूद का समापन




**बिलासपुर।** महामाया आईटीआई खमतराई में वार्षिक खेलकूद का आयोजन 5 जनवरी से 13 जनवरी तक किया गया। जिसमें खो - खो, कबड्डी, वॉलीवॉल, रस्सा कस्सी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, नीबू चम्मच, बोरा दौड़, रंगोली के साथ विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन संस्था परिसर में किया गया। संस्थान में विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने इस महोत्सव को खेल भावना से खेलकर रोमांचक बनाया। संस्थान के संचालक एस एल साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्थान में इस प्रकार के खेलों का आयोजन होता है। खेल का समापन संस्थान की संचालिका संतोषी साहू ने मैडल एवं पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने सभी खिलाडियों को खेल भावना से खेलने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर सह-संचालक प्रवीण साहू, प्राचार्य पी एस राठौर, प्रशिक्षण अधिकारी राजेश साहू, मनोज गौरव, ज्ञानचंद्र साहू, ज्ञानेश्वर बरगाह, ठाकुर सिंह, वीरेंद्र रात्रे, अरुण कमलसेन, अजय यादव, प्रमोद राठौर, सरिता साहू, दुर्गा ध्रुव, बलराम, रजत, सत्यजीत, गणपत, सुनीता, वृहस्पति आदि मौजूद थे।

### संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ छग ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**बिलासपुर।** महामाया आई टी आई खमतराई में वार्षिक खेलकूद का आयोजन 5 जनवरी से 13 जनवरी तक किया गया। जिसमें खो - खो, कबड्डी, वॉलीवॉल, रस्सा कस्सी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, नीबू चम्मच, बोरा दौड़, रंगोली के साथ विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन संस्था परिसर में किया गया। संस्थान के संचालक एस एल साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्थान में इस प्रकार के खेलों का आयोजन होता है। खेल का समापन संस्थान की संचालिका संतोषी साहू ने मैडल एवं पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने सभी खिलाडियों को खेल भावना से खेलने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर सह-संचालक प्रवीण साहू, प्राचार्य पी एस राठौर, प्रशिक्षण अधिकारी राजेश साहू, मनोज गौरव, ज्ञानचंद्र साहू, ज्ञानेश्वर बरगाह, ठाकुर सिंह, वीरेंद्र रात्रे आदि मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा यातायात माह पर लर्निंग लाइसेंस एवं बीमा शिविर का आयोजन



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिला पुलिस बल द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। 15 जनवरी को महाराणा प्रताप चौक में यातायात जागरूकता संबंधी एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात नियम दुर्घटना के कारण एवं निवारण प्रमुख रूप से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार आदि वाहन में सीट बेल्ट की उपयोगिता आवश्यकता एवं अनिवार्यता की जानकारी लोगों को दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी से भी अधिक वाहन चालकों की स्वयं की जिम्मेदारी है। आज लोगों ने सत्यम चौक यातायात परिसर में यातायात पुलिस द्वारा लर्निंग लाइसेंस एवं बीमा शिविर का भारी संख्या में लाभ लिए और अपने वाहन का बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए।

**पार्किंग में किराए की राशि होगी कम** | **यात्रियों के परिजन की सुविधा के लिए बिलासपुर कामर्शियल विभाग की हाल्टिंग वे योजना**

# बाइक और कार के लिए स्टेशन में होगी वेटिंग की जगह

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन में यात्रियों के वेटिंग रूम की तरह अब ट्रेन में सफर करने वाले अपने परिजन का इंतजार करने वाले वाहन चालकों की गाड़ियों के लिए भी एक वेटिंग रूम यानि एक जगह उपलब्धि कराई जाएगी, जिसे हाल्टिंग वे का नाम दिया जाएगा। अव्यवस्थित पार्किंग और किराए से बचने वाले यात्रियों को राहत देने के लिए बिलासपुर के कामर्शियल विभाग ने यह योजना बनाई है, जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

पिछले डेढ़ दो साल से बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में स्टेशन डेवलपमेंट के तहत 392 करोड़ रुपए का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसके तहत पुरानी बिल्डिंग में वीआईपी गेट पर बनी ब्रिटिशकालीन इमारत को छोड़कर सभी को तोड़ने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के तहत काम की शुरुआत करने के दौरान रनिंग लॉबी से लेकर पुराने जनआहार की दीवार के सामने यानि बाहर की ओर शेड लगाकर चारों ओर से घेराबंदी कर दिया गया है, जिसके कारण पूरी व्यवस्था ठप पड़ चुकी है। इसमें सबसे अधिक नुकसान गाड़ी लेकर जाने वाले लोगों को हो रहा है,



जिनके लिए पार्किंग की व्यवस्था मुख्य स्टेशन गेट से करीब 500 मीटर की दूरी पर कर दी गई है। गेट नम्बर चार और गेट नम्बर एक व दो पर केवल ड्राप एंड गो का सिस्टम रखा गया है।

वहीं कई लोग अपने परिजन को स्टेशन लेने और छोड़ने के लिए पहुंचते हैं। गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था की दूरी और किराए की राशि अधिक होने की वजह से लोग इधर-उधर गाड़ियों को रख देते हैं, जिसकी वजह से कई बार उनकी गाड़ियों में लॉक कर दिया जाता है। इसके लिए कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। वहीं अव्यवस्थित पार्किंग के कारण प्रतिदिन जाम से लोग परेशान हो जाते हैं। इस तरह की समस्या को दूर करने के लिए बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग ने एक योजना हाल्टिंग वे की बनाई है, जिसमें यात्रियों के वेटिंग रूम की तरह गाड़ियों को रखे जाने की भी व्यवस्था होगी। इसमें पार्किंग में लगने वाली किराए की राशि से भी कम कीमत देकर लोग सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

### क्या है हाल्टिंग वे

रेलवे के अनुसार जिस तरह से ट्रेन के घंटो लेट होने की वजह से यात्री वेटिंग रूम में बैठकर स्टेशन में आने का इंतजार करते हैं। इसी तरह ट्रेन में सफर करने वाले यात्री के परिजन भी उन्हें स्टेशन तक लेने आते हैं और लेट ट्रेन के कारण उन्हें अपने वाहन को इधर-उधर रखना मजबूरी हो जाती है, क्योंकि वे पार्किंग में अधिक किराया देना नहीं चाहते हैं। ऐसे लोगों के लिए एक हाल्टिंग वे का कार्य किया जा रहा है, जिसमें वे अपनी गाड़ियों को रखने के बाद आराम से स्टेशन के अंदर जाकर संबंधित यात्री को बाहर ला सकेंगे। इसके लिए एक निर्धारित समय भी तय किया गया है।

### होगी सारी सुविधाएं

बिलासपुर रेल मंडल कामर्शियल विभाग का हाल्टिंग वे बनाने का निर्णय काफी अच्छी योजना है, जिससे सभी को राहत मिलेगी। इसमें तीन घंटे का समय निर्धारित किया जाएगा, जिसमें दो पहिया वाहन के लिए 5 रुपए और चार पहिया वाहन के लिए 10 रुपए का चार्ज रहेगा। इसके अलावा हाल्टिंग वे में टी स्टॉल के रिफ्रेशमेंट यूनिट, गाड़ियों में खराबी के लिए रिपेयरिंग सेंटर, पहियों में हवा भरने व चेक करने की सुविधा, मोबाइल चार्ज व बैठने की सुविधा भी रहेगी।

### कोच रेस्टोरेंट के पास ओपन

कामर्शियल विभाग ने हाल्टिंग वे की योजना अव्यवस्थित पार्किंग को देखते हुए बनाई है, ताकि गाड़ियां एक ही स्थान पर व्यवस्थित खड़ी की जा सके। इसके लिए बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में जगह भी चिन्हांकित कर ली गई है, जिसमें करीब 1200 वर्गफीट का स्थान कोच रेस्टोरेंट के बगल में पड़ी खाली जमीन पर कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कोच रेस्टोरेंट जाने वाले लोगों को भी इधर-उधर गाड़ियां रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### बनाई गई है योजना

हाल्टिंग वे की योजना बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के लिए बनाई गई है। यहां अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति रेलवे स्टेशन से तितली चौक तक रहती है। इस योजना के तहत कम दर पर गाड़ियों को रखने की सुविधा लोगों को मिलेगी। वहीं स्टेशन की व्यवस्था भी बनी रहेगी। यह कार्य जल्द ही शुरु कर दिया जाएगा।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### लेफ्ट टर्न पर रेत का पहाड़...



**बिलासपुर।** शहर के मुख्य मार्गों में लेफ्ट टर्न की सुविधा न होने के कारण ट्रैफिक अस्त व्यस्त रहता है। सेंट फ्रांसिस चौक पर लेफ्ट टर्न पर रेत का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। यहीं निर्माण कार्य के दौरान पानी भी बह रहा है। पास में ठेले गुमटियां भी लगी हुई हैं जिससे अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है। नगर निगम और यातायात पुलिस का अमला इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेले की तैयारी जोरों पर



**बिलासपुर।** गत दिवस बीएनआई विलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला की पत्रिका का विमोचन किया गया। जिसमें मुख्य प्रायोजक फार्च्यून एलिमेंट से, सहप्रयोजक अद्वैत फार्म्स के संस्थापक अनिल मुंधरा, प्रकाश ग्वालानी , जितेंद्र गांधी, कमल सोनी, पार्षद राजेश सिंह, रोटरी क्लब से प्रकाश माहेश्वरी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, टायर संघ से निट्टू सिंह परिहार आदि उपस्थित हुए । मेला संयोजक गणेश अग्रवाल ने बताया कि आगामी 29 जनवरी से 3 फरवरी तक होने वाले इस मेले में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ किरणपाल सिंह चावला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी निहारिका अभिषेक त्रिपाठी बताया कि जिसमे सम्मान की श्रेणी में देहदान या नेत्रदान कर चुके लोगों को श्रद्धांजलि एवं परिवार को सम्मानित किया जाएगा। ऐसे 11 जोड़े जिन्होंने अपने विवाह के 50 वर्ष पूर्ण किए हों को सम्मानित किया जाएगा। बच्चों की वीरता के लिए सम्मान दिया जाएगा, सावित्री बाई फुले नारी शक्ति पुरस्कार 11 महिलाओं को, विभिन्न जिलों के अग्रणी व्यापारियों का सम्मान, गिनीज़ बुक रिकॉर्ड बनाने वालों का सम्मान, छत्तीसगढ़ सेवा रत्न सम्मान, उद्योगपति ऑफ़ ईयर अवार्ड, स्टार्टअप अवार्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और भी अनेक सम्मान दिया जाएगा । प्रतियोगिताओं में बिलासपुर गॉट टैलेंट, राइजिंग वॉइस ऑफ़ बिलासपुर, मिस्टर बिलासपुर मिस बिलासपुर, आइडियल कपल, रॉयल कपल प्रतियोगिता इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता, स्टार्ट अप आइडिएशन अवार्ड, बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता, हेल्थी बेबी, मेहंदी, रंगोली, ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता, साइंस मॉडल प्रतियोगिता आदि होंगे। मनोरंजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में औरंगाबाद से जादूगर, लोक नृत्य, भजन कीर्तन, कवि सम्मेलन आदि अनेक कार्यक्रम होंगे । इसमें मेले के को स्पान्सर निखिल माखीजा, डॉ सचिन यादव, विनोद पाण्डेय, डॉ कमलेश मौर्य, डॉ लक्ष्मी अनंत, ललित अग्रवाल, शंकर राव, हरिकिशन साहू, डॉ सत्येंद्र खूंटे अंकित मोदी, अविनाश मोदी, आलोक केडिया, विजय देशमुख, रोहित मिश्रा, जसबीर चावला, विकास कुकरेजा, संतोष निषाद, जितेंद्र कमावीसदार, सह संयोजक राजीव अग्रवाल, मनीष जैन, पंकज श्रीवास्तव, अंकित अग्रवाल, अंकिता तिवारी, शुचिता सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे ।

**बिजनेस प्लस**

## निगम कमिश्नर ने किया एसटीपी जतिया तालाब का निरीक्षण



**बिलासपुर।** नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने दोमुहानी और चिल्हाटी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने सीवरेज योजना के तहत अब तक किए कार्य की जानकारी ली। निगम कमिश्नर ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर जल शोधन के कार्य को देखा। इससे पूर्व सीवरेज नेटवर्क का भी जायजा लिया।

सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत चिल्हाटी और दोमुहानी में क्रमशः 17 और 54 एमएलडी के ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए है, जिसमें से अभी पानी को ट्रीट किया जा रहा है। इसके अलावा स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत अरपा नदी में दूषित जल को रोकने के लिए मंगला में 10 एमएलडी और 6 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी निर्माणाधीन है, उसे जल्द ही पूरा कर शुरू करने के निर्देश दिए है। निगम कमिश्नर ने एनजीटी के नियम एवं मापदंडों के अनुरूप योजना तथा क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। एसटीपी के निरीक्षण के पूर्व निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने जतिया तालाब का भी निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने तालाब परिसर में गंदगी को देखकर नाराजगी जताया और साफ रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत संवारे गए तालाब में असामाजिक तत्वों द्वारा घुसकर तोड़फोड करने पर पुलिस से समन्वय बनाकर परिसर को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए।

## एसईसीएल इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र में लगी अत्याधुनिक सोनोग्राफी मशीन



**बिलासपुर।** एसईसीएल के इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र में 15 जनवरी को सैमसंग की अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी) मशीन वी7 का शुभारंभ किया गया। मशीन का विधिवत पूजा-अर्चना कर कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर सीएमएस (चिकित्सा सेवाएं) डॉ. श्रुति देव मिश्रा, इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. अरिहंत जैन आदि उपस्थित रहे। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अंशुमन मिश्रा ने बताया कि डायग्नोस्टिक सेवाओं में सोनोग्राफी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सैमसंग वी7 मशीन के स्थापित होने से अब इंदिरा विहार स्वास्थ्य केन्द्र में ही पेट (एब्डॉमिनल) सोनोग्राफी, सॉफ्ट टिशू सोनोग्राफी तथा कलर डॉपलर के माध्यम से रक्त वाहिकाओं की जांच जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को बड़े अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय पर सटीक जांच सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि सैमसंग वी7 अपनी श्रेणी की सर्वाधिक उन्नत अल्ट्रासाउंड मशीनों में से एक मानी जाती है। इसमें नवीनतम तकनीक आधारित उन्नत सॉफ्टवेयर एवं फीचर्स उपलब्ध हैं, जो सभी प्रकार की सोनोग्राफी एवं कलर डॉपलर जांच को उच्च गुणवत्ता और सटीकता के साथ संभव बनाते हैं।

## विप्र युवा मंच का 'संक्रांति महोत्सव'




**बिलासपुर।** विप्र युवा मंच छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज खारंग परिक्षेत्र के तत्वावधान में 15 जनवरी को 'मकर संक्रांति' पर्व मनाया गया। अशोक नगर स्थित 'अशोक वाटिका' में इस महोत्सव में समाज की एकजुटता और संस्कृति का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के विषय में हरीश शर्मा, ब्रजेश शास्त्री,आलोक रंजन पाण्डेय,सृजन शर्मा,प्रदीप पाण्डेय,सुरेन्द्र गौरहा,विवेक दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम विप्र समाज के बीच आपसी सामंजस्य को बढ़ाना और समाज के उत्थान के लिए परिचर्चा था। इस आयोजन में रश्मि द्विवेदी , डॉ विनोद तिवारी, अनामिका तिवारी, डॉ.प्रदीप शुक्ला, राजकुमार तिवारी, विवेक दुबे, गीता तिवारी, प्रणव शर्मा, ब्रजेश शास्त्री शामिल हुए। उन्होंने समाज के लिए एम्बुलेंस, सामाजिक भवन, शव वाहन, डेड बॉडी फ्रिजर जैसी मूलभूत चीजों की जरूरत है जिसे जन सहयोग के माध्यम से पूरा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अमित दुबे का विशेष योगदान रहा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि समाज का जो भी आदेश होगा उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा तत्पर और तैयार हूं। कार्यक्रम का संचालन लोकेशधर दीवान एवं आभार प्रदर्शन ब्रजेश शास्त्री ने किया।

## वैकल्पिक वित्त पर एएफसी व जिला उद्योग संघ की कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

रैम्प योजना के अंतर्गत बिलासपुर में वैकल्पिक वित्त विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका आयोजन उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसे एएफसी इंडिया लिमिटेड का तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर की महाप्रबंधक कचिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर डेनिश ओरांव, भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक योगेश तिवारी, जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना तथा छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरिश केड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। तकनीकी सत्र में एएफसी इंडिया लिमिटेड की विषय विशेषज्ञ सुश्री नीलू सिंह ने एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध नवीन एवं वैकल्पिक वित्तीय साधनों की जानकारी दी। इस कार्यशाला में जिले के एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान टी-रेड्स, सिडबी जीएसटी सहाय, पीयर-टू-पीयर लेंडिंग, इनवॉइस फाइनेंसिंग, इक्विटी फंड्स, सरकारी अनुदान (ग्रांट्स) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एसएमई लिस्टिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया गया। यह कार्यशाला एमएसएमई इकाइयों को वित्तीय जागरूकता प्रदान करने एवं उनकी विकास क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

कार्य शाला में जिला उद्योग संघ के उपाध्यक्ष एन एस राजू, सुनील सुल्तानिया, पूर्व अध्यक्ष सुनील आदि मौजूद थे।

### ओबीसी महासभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** ओबीसी महासभा की जिला इकाई ने केंद्रीय गृह मंत्री व राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन सौंपा है। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं में समानुपातिक हिस्सेदारी देने सहित 28 विषयो के बिंदुओं पर कलेक्टर संजय अग्रवाल के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ओबीसी महासभा बिलासपुर जिला इकाई के द्वारा की गई मांगों में लंबित आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की भी विधिवत जातिगत जनगणना करना, छत्तीसगढ़ में ओबीसी की आबादी के अनुपात में समानुपातिक संवैधानिक प्रतिनिधित्व आरक्षण कार्यपालिका 'न्यायपालिका 'विधायिका मीडिया एवं सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के सभी उपक्रमों में प्रदान करना, ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक लागू क्रीमीलेयर की बाध्यता बंद कराना, अन्य पिछड़ा वर्ग को एसटी ,एससी ,ईडब्ल्यूएस की भांति संवैधानिक पूर्ण एवं स्पष्ट दर्जा दिलाना, 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक में 27% ओबीसी आरक्षण में राज्यपाल का हस्ताक्षर कर विधि रूप देने का अनुरोध करने की मांग की गई। इसी तरह ओबीसी आरक्षण को देश के सभी राज्यों में समान रूप से लागू करने ,भारत सरकार द्वारा अध्यादेश पारित कर संविधान की नवमी अनुसूची में शामिल करवाना, मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाओं और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पूर्णत लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में ओबीसी महासभा के पदाधिकारी में प्रदेश संरक्षक बृजेश साहू, प्रदेश महासचिव जनक राम साहू, जेठू राम, शिवचरण पटेल, अजीत नाविक, डॉक्टर संतोष , डॉक्टर रघु, श्याम मूरत कौशिक, मेलू राम, अजय, ताराचंद शामिल थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली-2 (खैरा-सेतगंगा) जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

मामला क्रमांकः-....../अ-19/2025-26
ग्राम - मोतिमपुर (अमरटापू)
तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./ 2025/6985 मुंगेली, दिनांक 04.12.2025 के माध्यम से ग्राम मोतिमपुर प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. खैरा-सेतगंगा तहसील मुंगेली स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 109 रकबा 4.909 हेक्टेयर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतिमपुर (अमरटापू) के भवन निर्माण हेतु चिन्हांकित भूमि को आबंटन कराने हेतु जिला कलेक्टर महोदय मुंगेली से मांग की गई है। जो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली के माध्यम से संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण तैयार कर जांच उपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



शिविर

## हम खुश रहेंगे और सदा खुशी बांटेंगे बच्चों ने की प्रतिज्ञा



बिलासपुर। ब्रह्माकुमारीज मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर, रघुविहार में युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें महादेव नर्सिंग कॉलेज एवं शा. आयुर्वेद महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे साथ ही महाविद्यालय के प्रोफेसर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दत्तात्रेय यादव, अनुरुदिता यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में काजल द्विवेदी एवं संगीता शुक्ला ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं मेडिटेशन ट्रेनर बीके विकास सोनी ने जिन्होंने "विचार परिवर्तन से जीवन परिवर्तन" विषय पर प्रभावशाली वर्कशॉप कराया। इन्होंने कहा कि शक्ति शारीरिक नहीं, मानसिक होती है, हम सभी उस सर्वशक्तिवान परमात्मा की संतान हैं, इस नाते उनकी सभी शक्तियाँ हमारे भीतर निहित हैं। आवश्यकता है उन्हें पहचानने और योग के माध्यम से जागृत करने की। उन्होंने मेमोरी ट्रेनिंग, परीक्षा के भय से मुक्ति एवं एकाग्रता बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय बताते हुए सभी को गहन राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति भी कराई।

आयोजन

## श्री राम रसोई में चार वर्षों से निरंतर भोजन सेवा



बिलासपुर।श्रीराम रसोई विगत चार वर्षों से निरंतर निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों को भोजन सेवा प्रदान कर रही है। श्रीराम रसोई की स्थापना 15 जनवरी 2022 को बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पास की गई थी। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। स्थापना दिवस से लेकर आज तक श्रीराम रसोई बिना किसी व्यवधान के निरंतर संचालित हो रही है। बीते चार वर्षों में हजारों जरूरतमंद लोगों ने इस सेवा का लाभ लिया है। सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ संचालित यह रसोई समाज में मानवता और सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बन चुकी है। चार वर्षों की सफल एवं सतत सेवा पूर्ण होने के अवसर पर *श्रीराम रसोई की तीसरी शाखा का शुभारंभ आज व्यापार विहार, में व्यापार विहार मर्चेंट एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, कमल विधानी, विनोद मेघानी, पवन वाधवानी,जे.पी. मित्तल, नानगराम खटूजा, कैलाश मलघानी, राजू धमेचा एवं गजानंद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## लायंस क्लब चार्टर सदस्यों पूर्व अध्यक्षों का सम्मान



बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन में संयुक्त अधिकारिक यात्रा का कार्यक्रम एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इसमें क्लब के दस वर्ष पूर्ण होने पर चार्टर डे मनाया गया। चार्टर अध्यक्ष उषा तिवारी के साथ सभी चार्टर सदस्यों एवं सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। रीजन चेयरपर्सन ने दो नए सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि केबिनेट सेक्रेटरी प्रसाशनिक बीके सिंह, रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार, बी सूर्यप्रभा, जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी, क्लब संरक्षक एमजेएफ सुधा साव, विशेष अतिथि रीजन सचिव अर्चना तिवारी रहीं। क्लब अध्यक्ष आरती साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। क्लब सचिव नीना गरेवाल ने क्लब की सभी गतिविधियों की जानकारी दी। क्लब कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार ने क्लब के आय-व्यय का ब्यौरा दिया। इसी दिन अतिथियों के साथ क्लब द्वारा गांधी चौक स्थित रामकृष्ण हॉस्पिटल में सफाई कर्मियों को कम्बल वितरण किया गया। जूना बिलासपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में बच्चों के योग वगैरह करने के लिए दरी दी गई। बच्चों को अनेक प्रतियोगिताओं के पुरस्कार दिए गए।

जागरूकता

## फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बिलासपुर**। शांता फाउंडेशन की सदस्य डी निहारिका रॉव ने जन्मदिन पर पर्यावरण को समर्पित कर मनाया। इस अवसर पर राजकिशोर नगर स्थित ऊर्जा पार्क में पांच फलदार पौधे लगाएं जिसमें चीकू,अमरूद एवं आंवाला के पौधे थे। समाज सेवा के साथ-साथ शांता फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण में भी लगातार काम कर रहा है, प्रतिवर्ष वृक्षारोपण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने जन जागरण अभियान भी चलाया जाता है। इस अवसर पर शांता फाउंडेशन परिवार से नीरज गेमनानी,डी विनीता रॉव,सृष्टि सिंह,जसमीत सिंह टुटेजा उपस्थित रहे।

# सर्द मौसम में खिलखिलाई बगिया, ताजगी का अहसास करा रहे रंग-बिरंगे फूल

**बिलासपुर**। सर्दियों के मौसम में घर के गार्डन को देशी-विदेशी रंग-बिरंगे फूलों से सजाने का ट्रेंड चल रहा है। बागवानी के शौकीन अपने गार्डन को नए फूलों से सजाने में जुट गए हैं। इस मौसम में लगने वाले फूल न सिर्फ ठंड के मौसम को खुशनुमा बना देते हैं, बल्कि घर के माहौल में भी ताजगी और रंगों से भर देते हैं। शहर के बागवानी विशेषज्ञ कमल साहू बताते हैं कि देशी फूलों की कई वैरायटी हैं, जो होम गार्डन में चार चांद लगा सकता है। यह देशी फूलों के पौधे सरल विधि से गार्डन में रोपे जा सकते हैं।

ठंड के मौसम में खिलने वाले पौधों की बढ़ी मांग

गार्डन को फूलों से सजाने वालों के लिए गेंदे का पौधा सबसे लोकप्रिय विकल्प हो सकता है। इसकी देखभाल आसान होती है और यह ठंड में खूब खिलता है। गेंदा के फूल पीले, नारंगी और सुनहरे रंग में मिलते हैं, जो घर के गार्डन को बेहद आकर्षक बनाते हैं। यह फूल लंबे समय तक खिलता है और शादी या धार्मिक आयोजनों में भी खूब इस्तेमाल होता है। अगर आप रंग-बिरंगे फूलों से अपनी बालकनी या आंगन को सजाना चाहते हैं तो पेटुनिया एक बढ़िया विकल्प है। इसके फूल लाल, गुलाबी, बैंगनी, सफेद और नीले रंगों में खिलते हैं। इसे धूप वाली जगह पर लगाना सबसे अच्छा रहता है। गुलदाउदी सर्दियों की शान मानी जाती है, इसके फूलों के आकार और रंग इतने विविध होते हैं कि गार्डन देखते ही मन खुश हो जाता है। डहेलिया के फूल बड़े और खूबसूरत होते हैं, जो किसी भी गार्डन की शोभा बढ़ाने बागवानी के शौकीनों की पहल पसंद है।



नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का मुंगेली नाका स्थित निवास इन दिनों फूलों से गुलजार है।

### पॉजिटीविटी और तनाव दूर होता

प्राप्रेसर एस के त्रिवेदी ने बताया कि ठंड में बागवानी घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ बागवानी मानसिक तनाव कम करने और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने में भी मददगार मानी जाती है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में बागवानी का शौक रखने वालों की संख्या हर साल लगातार बढ़ रही है। नर्सरी और फूल बाजारों में इन दिनों गुलदावदी, पिटूनिया, पैंजी, गंदा, साल्विया और डायन्थस जैसे सर्दी में खिलने वाले मौसमी पौधों की मांग तेज हो गई है। सुबह-शाम की ठिठुरन के बावजूद लोग अपने घरों और बगीचों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाने के लिए उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

### सब्जियों को भी घरों में लगा रहे

लोग किचन गार्डन के लिए पालक, मेथी, धनिया, युकंवर, गाजर और गोभी जैसी सर्दियों की सब्जियों के पौधे व बीज भी खरीद रहे हैं। बागवानी विशेषज्ञों का कहना है कि यह मौसम फूलों की खेती के लिए सबसे अनुकूल माला जाता है। कम तापमान और साफ धूप पौधों की बढ़वार के लिए उपयुक्त वातावरण देती है।



# भगवान दिखावा नहीं करते, केवल दिखता है उनका काम : संत कौशल

श्रीराम कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालु भक्तों की भीड़





**बिलासपुर**। भगवान का दिखावा बिल्कुल नहीं रहता है केवल उनका काम दिखता है। भगवान राम धनुष को सौ खण्ड कर दिए पर कोई देख पाया और न ही समझ पाया। यही भगवान की विशेषता है। धनुष दो टुकड़ों में पड़ा दिखाई दिया।

ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में बुधवार को कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने राम-सीता विवाह की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि धनुष तोड़ने के बाद भगवान राम माता सीता को जयमाला डाले। भगवान के शील स्वभाव के सामने महराज भी नतमस्तक हो गए। आवेश को भगवान के चरणों में समर्पित कर परशुराम जंगल की ओर चले गए। उन्होंने बताया कि धनुष टूटने के साथ ही शादी हो चुकी थी। बातें वहीं पूरी हो गई थी। इसके बाद पत्र अयोध्या जाता है और वह पत्र राजा दशरथ के हाथ पड़ता है।

राम के विवाह का पत्र पढ़ते ही राजा दशरथ आनंद में रोने लगे। आनंद के आंसू मीठे व दुख के आंसू कसैले होते हैं। यहां से वशिष्ठ आश्रम जाकर उनसे आशीर्वाद लिए। अयोध्या को सजाया गया। भगवान राम की बारात निकाली गई। सभी अयोध्यावासी नए-नए वस्त्र पहन कर पहुंचने लगे। अपने आंखों से भगवान की शादी देखने की खुशी सभी के मन में था। भगवान के 10 अवतार में तीसरे अवतार की शादी हुई है। शादी का संबंध सबसे तगड़ा संबंध होता है। दोनों राजपरिवार भगवान राम की शादी से मिले। एक हुए। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर गुलशन, रजनी ऋषि, सुशील, युगल शर्मा, रिंकू मित्रा, रौशन सिंह, नीता श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, स्नेहलता शर्मा, शोभा कश्यप, रीटा भामरा, चंचल कुशवाहा सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।

### सीता ने अपने संकल्प से प्रकट की रीद्धि-सिद्धि

कथावाचक ने बताया कि हर प्रदेश का भोजन अलग-अलग होता है। भारत में तो खाने-पीने की पूरी सिस्टम है। अयोध्या तो पूरे ब्रम्हाण्ड का स्वरूप है। बारात व व्यवस्था को लेकर माता सीता घबराई हुई थी। सोचने लगी कि सब व्यवस्था मेरे पिताजी कैसे करेंगे। फिर उन्होंने अपने संकल्प से रीद्धि-सिद्धि को प्रकट की और उन्हें एक नया बैकुण्ठ प्रकट एवं एक कामधेनु खड़ी करने को कहा। माता सीता की आज्ञा से एक नया जनकपुर प्रकट हो गया। यह देख कर सभी लोग जनकजी की प्रशंसा कर रहे थे पर भगवान राम समझ गए कि ये महिमा किशोरीजी की है। बारात में ब्रम्हाजी 33 करोड़ देवताओं को लेकर आए। स्वर्ण के कॉटेज देख कर कहा जाने लगा कि जगत की माता एवं जिनका नाम लेने से सारा वैभव हाथ में आ जाए उस राम की शादी हो रही है। भगवान ने लीला, दर्शन का मौका दिया है। यह कहते हुए पूरा जौनासा भर गया। राजा जनक व राजा दशरथ गले मिले। ब्रम्ह के दो रूप हो गए। दोनों ब्रम्ह के पिता एक ही समान था। इन्हें कोई उपमा नहीं दी जा सकती थी। वहीं माता सीता का श्रृंगार किया गया। पूर्ण ब्रम्ह का साक्षात्कार हो रहा था। सखियां उन्हें देखकर कहने लगी इतना सुंदर रूप कभी देखा नहीं है। माता कुरूप या सरूप नहीं होती हैं। वे तो पूज्य होती हैं।

### इन्होंने लिया आशीर्वाद

कथा में नगर विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, चन्द्रेश शाह, महेश अग्रवाल, नारायण चंदेल जांजगीर चांपा, धरमलाल कौशिक, भूपेंद्र सवन्नी, रजनीश सिंह, पवन अग्रवाल, कृष्णकांत चंद्रा, डॉ प्रदीप सिहारे, अजीत सिंह भोगल, प्रदीप शर्मा सहित कई समाज प्रमुखों ने आशीर्वाद लिया।



## कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच ने मकर संक्राति मनाई



बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा आशीर्वाद भवन लोखंडी तुर्काडीह रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में मकर संक्रान्ति पर्व पर मुख्य अतिथि की आसंदी से पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने समाजिक संगठन को समाज में एकता के साथ ही ज़रुरत मंद लोगों का मददगार बनने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया प्रारंभ में हवन पूजन एवं भगवान परशुराम की महाआरती सभी उपस्थित जन ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों शिवानी तिवारी एवं अनुष्का तिवारी को प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय एवं बसंत बाजपेयी ने छात्रवृत्ति दी। युवा प्रकोष्ठ द्वारा पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय,कान्यकुब्ज सभा रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अरुण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री, महिला मंच प्रमुख रश्मि लता मिश्रा,आदित्य त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनूप पांडेय, कमलेश मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, राजेश पाण्डेय, महेश तिवारी, दिनेश बाजपेयी, करूणा शंकर अवस्थी, योगेश मिश्र, लक्ष्मी कांत दीक्षित, रामशंकर शुक्ल, गोपाल तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्र जन शामिल रहे

## पतंगोत्सव का उठाया आनंद



माहेश्वरी महिलाओ ने मकर संक्रांति भगवान की पूजा कर तिल्ली लड्डु,खिचड़ी का भोग लगाकर आरती की। पतंगोत्सव का आनंद उठाया पंडितों गरीबो को अन्नदान कपड़े फल कबंल दिये सूर्य भगवान की पूजा की। अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी ने सभीको शुभकामनाये दी, सुधा, सरिता, ममता, विनीता किरण, पूजा, नीलम, सुजिता, मंजू, नीता, रिमझीम, दीपाली, सौम्या, ख्याती, प्रियंका, रिया सहभागिता निभाई।



स्पोर्ट्स न्यूज

# क्रिकेट संघ बिलासपुर के मेंस सीनियर डेज मैच के लिए संभावित खिलाड़ियों का चयन



**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेंस सीनियर इंटर डिसट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2026 को कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में सीनियर का ट्रायल लिया गया। जिसमें कुल 74 खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन चयनकर्ताओं के सामने किया।मेंस सीनियर ट्रायल के दौरान चयनकर्ता के रूप में आशीष शुक्ला, प्रवीण कुमार, आकाश सिंह और अभिषेक सिंह द्वारा चयन प्रक्रिया किया गया।

## खेल महोत्सव में टीटी, बेडमिंटन एवं क्रिकेट की रही धूम

शिवम एवं सुंदरम के नाम रहा तृतीय दिवस

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है, जिसमें तृतीय दिवस की शुरुआत पुरुष वर्ग बैडमिंटन डबल्स के मैच सुंदरम निकेतन के पृथ्वीराज एवं देवनाथ महेश की जोड़ी का मुकाबला मधुरम के विरेन्द्र कुमार एवं अमन भाई के बीच खेला गया। जिसमें पृथ्वीराज एवं देवनाथ महेश की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मधुरम को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया जहाँ उनका मुकाबला सत्यम निकेतन से होना है। बैडमिंटन डबल्स के मैच के पश्चात टेबल टेनिस महिला वर्ग में शिवम निकेतन की नैन्सी टोप्पो एवं रेणु प्रज्ञा ने क्रमशः अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मधुरम निकेतन की पायल साहू एवं शिवांगी गुप्ता को 2-0 से पटकनी देकर फाइनल के लिए अपना रास्ता साफ किया वहीं महिला के अगले मैच में सुंदरम की अल्पना मीत तिग्गा, नीला सिधार एवं हिमाद्री की टीम ने सत्यम की समिता चक्रेश, सिमरन कांत एवं रीत ध्रुवे की टीम पर एकतरफा जीत दर्ज कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं पुरुष वर्ग के मैच में सुंदरम निकेतन के पृथ्वीराज,तरूण चंद्रा एवं पिलेश्वर की टीम ने सत्यम निकेतन के अमर मलिक, ओमकार एवं दिनेश की टीम पर 2-1 की बढ़त बनाकर अपनी टीम को फाइनल की टिकिट दिलवाने में सफल रहें। समस्त खेलों में अमृता मिक्षा, महेश शर्मा, आसिफ



## खबर संक्षेप

### भक्त गुहा निषाद व बिलासा देवी जयंती समारोह आज

**दगोरी।** निषाद केवट समाज द्वारा भक्त गुहा निषादराज, वीरांगना माता बिलासा देवी जयंती समारोह का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार को निषाद धर्मशाला में किया गया जा रहा है। समाज के संतोष पारकर ने बताया कि, सुबह पूजा-आराधना पश्चात झांकी निकाली जाएगी। तत्पश्चात समाज प्रमुखों की ओर से विधवा, परित्गता, विकलांगता, असहायजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद भगवान श्रीराम चंद्र जी कथा का रसपान कराया जाएगा। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष छन्नूराम निषाद, सरपंच राज बेसाखूराम निषाद, रतनपुर सरपंच रामायण निषाद, मंगला सरपंच केजाऊ राम निषाद, मोहरा सरपंच गौरीशंकर निषाद, कोटा सरपंच हीरालाल निषाद उपस्थित रहेंगे।

### जिपं सीईओ ने आवास हितग्राहियों से किया संवाद

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ एवं प्रगतिरत लंबित आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिले में व्यापक स्तर पर आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों की सर्वाधिक अपूर्ण आवास वाली ग्राम पंचायतों में 9 फरवरी तक प्रतिदिन आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने मुंगेली विखं के ग्राम धपई में आयोजित आवास चौपाल में हितग्राहियों से सीधे संवाद किया।

## निधन

### एसके घोष



**बिलासपुर।** हेमू नगर तहसीलदार गली निवासी सेवानिवृत्त रेल लोको पायलट एसके घोष पिता स्व.केसी घोष का 15 जनवरी को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनकी अंतिम शवयात्रा 16 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कार्तिक घोष के पिता थे।

### रामप्रसाद यादव



**बिलासपुर।** वार्ड नंबर 49 बीआर यादव नगर बहतराई निवासी रामप्रसाद यादव (कंटू) का गुरुवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह 9:30 बजे बहतराई मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अशोक यादव और संतोष यादव के पिता थे।

### तिहारु राम टंडन



**मस्तूरी।** ग्राम भरारी के निवासी तिहारु राम टंडन का 85 वर्ष की आयु में 9 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व सरपंच एवं द्वारिका टंडन, अश्वनी टंडन, उमेश टंडन एवं सुनीता बर्मन के पिता थे।

### ध्रुव कुमार राठौर



**मोपका।** समीपस्त ग्राम गतौरा के समाजिक कार्यकर्ता ध्रुव कुमार राठौर का 52 वर्ष की आयु में 11 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कृष्णकांति राठौर के पति एवं जीतेश सिंह राठौर व अंशिका राठौर के पिता थे।

### व्ही. आर. जोगा राव



**बिलासपुर।** लक्ष्मी ग्रीन सिटी बहतराई रोड निवासी व्ही. आर. जोगा राव का निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। वे रवि शंकर वेदुला के पिता थे।

---

## दिवंगत कार्यकर्ताओं के परिजन का बढ़ाया हौसला

# साव ने जनचौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



ग्रामीणों को संबोधित करते डिप्टी सीएम अरुण साव।

उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने गुरुवार को लोरमी विधानसभा के लक्षनपुर, छिरहुट्टी, बैगाकांपा, नारायणपुर, गैंजा और गुरुवाईनडबरी के ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर श्री साव ने 17 लाख के विकास कार्यों की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्राम लक्षनपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से ओत-प्रोत श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा रसपान के लिए पधारे श्रद्धालु ग्रामीणजनों से आत्मीय भेंट एवं स्नेहपूर्ण संवाद किया। अरुण साव ने ग्राम छिरहुट्टी में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, और जनचौपाल के माध्यम से परिवारजनों से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों को बताया कि, गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। खुड़िया बांध से पाइपलाइन के माध्यम से गांव तक पेयजल पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। इसके बाद प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित जल सुनिश्चित होगा। श्री साव ने ठाकुर देव से रहन नदी तक नाली निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने ग्राम बैगाकांपा में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर सार्थक संवाद किया, और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान महिलाओं से महतारी वंदन पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ने गांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिपं सदस्य रत्ना काठले, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, प्रदीप मिश्रा, सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, दिनेश साहू, चंपा प्रदीप साहू, उत्तम साहू, सुरजीत भार्गव, मूलचंद दाहिरे, मंडल महामंत्री हीरा बैस, हीरा साहू, छतु कश्यप, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, दिनेश साहू, विश्वास दुबे, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विकास केशरवानी, घंशु राजपूत, महेंद्र खत्री, नरेन्द्र खत्री, अशोक साहू, आलोक शिवहरे, सोहन डड़सेना, माधव तिवारी, घनश्याम यादव, छेदु यादव, मुकेश जायसवाल, देवेंद्र केशरवानी जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शोकाकुल परिवारों को बंधाया ढांढस

डिप्टी सीएम साव ने नारायणपुर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजा राम साहू के घर पहुंचकर उनके पिताजी स्व रामलाल साहू के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढाढ़स बंधाया। श्री साव ने ग्राम गैंजी में पूर्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग डॉ उदय जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य कुंती जायसवाल के पिताजी स्वर्गीय मटुकराम जायसवाल की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सम्मिलित हुए एवं भगवताचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं गुरुवाईनडबरी में ग्रामीणों से भेंट कर आत्मीय चर्चा की।

---



## नशामुक्ति जनजागरण रैली में शामिल हुए तोखन

**मस्तूरी।** मकर संक्रांति के अवसर पर 'सत्य निज नाम बोध' संस्था की ओर से मस्तूरी में विशाल नशामुक्ति जनजागरण रैली निकाली गई, जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए। श्री साहू ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में संस्था के संस्थापक सत्य कबड्डीदास व लीलावती के साथ सैकड़ों अनुयायी पैदल व मोटरसायकल से सत्संग स्थल मल्हार पहुंचे। संस्था के सदस्यों ने मस्तूरी से मल्हार तक बाइक रैली निकालकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। इस दौरान रैली में विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर स्लोगन के माध्यम से नारे लगाकर आम लोगों को संदेश दिया। रैली से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में आज के बाद किसी लोगों ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया, और संस्था से जुड़कर समाज व परिवार के समर्पित रहने की बात कही। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी, केके निर्णेजक, संतोष मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी करने वाले गिरफ्तार, सामान जब्त

■ माल खरीदने वाला कबाड़ी दुकान संचालक भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मुंगेली।** पुलिस ने चोरी के सामान को बरामद कर 2 आरोपी सहित कबाड़ी खरीददार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा।

बिलासपुर के सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम हांफा निवासी सौरभ श्रीवास पिता रजनीकांत श्रीवास उम्र 26 वर्ष, हाल मुकाम शिक्षक नगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, वे एसटी इलेक्ट्रिकल्स प्राईवेट लिमिटेड मुंगेली में स्टोर इंचार्ज के पद पर कार्य करते हैं। उन्होंने 13 जनवरी को पाया कि दुकान में रखे व्ही कास आर्म 4 नग, स्टेवायर 4 बंडल, जीआई तार 4 बंडल, अर्थिंग क्वायल 140, नट बोल्ट 6 बोरी, स्टे क्लेम्प 140 नग, स्क्वेयर वायसर 1 बोरी, थीम्बल 1 बोरी, बैंक क्लेम्प फॉर डिस्ट्यूब्युसन बाक्स 1 बोरी, डिस्मेंटल पार्ट्स 1 बोरी सहित कुल 1 लाख 38 हजार 774 रूपए के सामान गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि, असगर खान खड़खड़िया नाला के पास स्थित कबाड़ी दुकान में चोरी का सामान रखा हुआ है। सूचना पर कबाड़ी दुकान के मालिक आरोपी असगर खान से पूछताछ की गई, तो उसने 11 जनवरी को तामरज साहू एंव भुनेश्वर साहू के द्वारा सामान बेचने की जानकारी दी। साथ ही दोनों के उक्त कंपनी का कर्मचारी होने की भी जानकारी मिली। असगर खान ने करीब 12.55 क्विंटल लोहे की समाग्री के एवज में 25 हजार 100 रूपए भुनेश्वर साहू को देने की बात कही। पुलिस ने घटना में संलिप्त आरोपी तामरज साहू एंव भुनेश्वर साहू को हिरासत में लेकर भुनेश्वर से 2 हजार एवं तामरज साहू से 4 हजार 600 रूपए जब्त किया गया। मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धारा 303(2),317(3),3(5) बीएनएस के तहत आरोपी असगर खान पिता स्व जारद उम्र 43 वर्ष निवासी मुंगेली, तामरज साहू नंदराम उम्र 21 वर्ष निवासी झाल थाना नवागढ़ बेमेतरा एवं भुनेश्वर साहू पिता राजेन्द्र उम्र 25 वर्ष निवासी झाल थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## बिना बैठक के आंगनबाड़ी का प्रस्ताव पास, कलेक्टर से शिकायत

**खमरिया।** ग्राम पंचायत बिटकुला में 14 दिसंबर 2025 को पंचायत की बैठक आयोजित थी, लेकिन बैठक के समय ग्राम पंचायत में ताला लगा हुआ था।

मामले को लेकर बिटकुला पंचायत के सदस्यों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन में बताया गया है कि, सरपंच, उपसरपंच व सचिव उक्त तारीख को बैठक में उपस्थित होने के बजाए रतनपुर खूंटाघाट पिकनिक मनाने गए हुए थे। हैरान करने वाली बात यह है कि, ग्राम पंचायत की बैठक हुई भी नहीं और आंगनबाड़ी का प्रस्ताव पास हो गया। पंच विश्वनाथ पाटनवार ने जब बैठक के बिना प्रस्ताव पास होने के बारे में पूछा तो, सचिव ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी। इस संबंध में विश्वनाथ पटनवार, रवि पोते, उत्तरा बाई व शांति बाई ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की जांच की मांग की है।

### युवती के साथ मारपीट मामला दर्ज

**तखतपुर।** बातचीत नहीं करने से नाराज युवक ने युवती के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीपल चौक धुरी मोहल्ला निवासी युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, मोहल्ले का ही नानू गोंड़ उर्फ घोड़ा से उसका परिचय था एवं दोनों के बीच बातचीत होती थी। लेकिन किसी बात को लेकर उसने पिछले 2 माह से उससे बातचीत नहीं कर रही थी, जिससे युवक नाराज था। इसी को लेकर युवक 14 जनवरी रात 11:30 बजे उसके घर के सामने पहुंचा, और बातचीत क्यों नहीं कर रही हो कहते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### अवैध कच्ची शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची शराब को जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ढनढन धान मंडी के पास छापा मार कर एक युवक के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी 3 लीटर कच्ची शराब जब्त कर लिया। मामले पर आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 क के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान जारी

**मुंगेली।** जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान निरंतर जारी है। अभियान के अंतर्गत ऐसे सभी नागरिक, जो 1 अक्टूबर 2026 की तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनसे फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, अभियान के दौरान अब तक नाम जोड़ने के लिए 3 हजार से अधिक फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं, वहीं नाम विलोपन हेतु 16 फॉर्म-7 भी जमा किए गए हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियमानुसार नाम जोड़ने एवं विलोपन की कार्यवाही की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक किया जा सकता है। सभी दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के पश्चात अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। प्रशासन ने पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन कर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का लाभ सुनिश्चित करें।



शिविर में उपस्थित मरीज एवं चिकित्सक।

## बैगा ग्रामों में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर

**मुंगेली।** दूरस्थ वनांचल बैगा ग्रामों में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया जाता है। इसी कड़ी में बैगा ग्राम रंजकी में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कुल 36 मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी के 4, सर्दी–खांसी के 9, दाद, खाज, खुजली के 5, बीपी के 2, कमजोरी एवं हाथ–पैर दर्द के 12, आंख संबंधी बीमारी के 2 मरीजों सहित अन्य 2 मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवाई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला क्षय–कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में संदेहास्पद टीबी मरीजों की बलगम सीसीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके साथ ही बचाव व नियंत्रण के लिए पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, आरएचओ मणिलाल पैकरा, मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## रोग निरोधक दवाओं व टीकाकरण पर प्रशिक्षण




प्रशिक्षण में जानकारी देते सीएमएचओ।

**मुंगेली।** ओरल पिल एवं गर्भ निरोधक दवाओं के सेवन विषय तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के मुद्दे को लेकर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 14 एवं 15 जनवरी को किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ शीला साहा द्वारा गर्भ निरोधक गोलियों के सही सेवन, सावधानियों एवं उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रसव के बाद स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पीओपी की शुरुआत तथा भारत में सर्वाधिक प्रचलित गर्भ निरोधक का सुरक्षित उपयोग आदि के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में गर्भ निरोधक इंजेक्शन के चिकित्सकीय लाभ, इसके उपयोग एवं लाभार्थियों को दिए जाने वाले पोस्ट इंजेक्शन से संबंधी दिशा-निर्देशों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जिला चिकित्सालय मुंगेली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा स्मृति लाल द्वारा भी प्रतिभागियों को विषयगत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ गिरिश कुर्रे ने भी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। डॉ विनय कौशिक द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण तथा यू-विन पोर्टल के संबंध में मो. अजीम, प्रोजेक्ट ऑफिसर द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन अधिकारी उदय भानू सिंह बंजारे सहित जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SHARVAYAH DEVELOPERS LLP, पता राजेंद्र नगर बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता भूमि स्वामी श्री संतराम सोनी पिता राम कृपाल सोनी निवासी प्लॉट नंबर 160 फेस-1, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह बिलासपुर (छ.ग.) स्वामित्व की भूमि मौजा मोपका प.ह. नंबर 29 रा.नि. मंडल मोपका, विकास खंड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 2272/1 रकबा 0.65 एकड़ है जिसको खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दिया जा चुका है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि पर जिस किसी भी बैंक, सहकारी संस्था, शासकीय -अशासकीय निकाय एवं प्राइवेट व्यक्ति का कोई हक व अधिकार निहित हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। समयावधि के पश्चात की गई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं भूमि पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगी। अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
M/S SHARVAYAH DEVELOPERS LLP
ADDRESS - RAJENDRA NAGAR
BILASPUR CG - CONTACT NUMBER - 94069-44444 , 91311-15900

**समक्षः- माननीय अनुविभागीय दडाधिकारी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सरनेम परिवर्तन**

मैं बुधेश्वर सोनी, उम्र 40 वर्ष, पिता मथुरा प्रसाद सोनी, निवासी- वार्ड नं. 62, शास्त्री नगर बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495006 का हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे रेलवे सर्विस रिकॉर्ड बुक एवं 10वीं, 12वीं, बी. कॉम, पीजीडीसीए की अंक सूची सह प्रमाण पत्र में मेरा एवं पिता का उपनाम सरनेम ''सोनी (SONI)'' दर्ज नहीं है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बुधेश्वर सोनी पिता मथुरा प्रसाद सोनी दर्ज हैं जो की सत्य एवं सही है। 4. यह कि मैं अपने नाम एवं पिता के नाम के साथ उपनाम ''सोनी (SONI)'' दर्ज करने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया हूं। 5. मैं कथन करता हूं की शपथ पत्र में दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
बुधेश्वर सोनी

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि SHARVAYAH DEVELOPERS LLP. पता – राजेन्द्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता भूमि स्वामी श्रीमती साधना पाण्डेय पिता श्री रामलखन तिवारी पति श्री अंकित पाण्डेय निवासी मुलई कापुरा इलाहाबाद के स्वामित्व की भूमि मौजा मोपका प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका विकासखण्ड बिल्हा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 2272/23 रकबा 1.00 एकड़ एवं भूमि स्वामी अंकुर पाण्डेय पिता श्री ए.पी. पाण्डेय, मंजु पाण्डेय पिता गया प्रसाद पाण्डेय पति श्री अरविन्द प्रसाद पाण्डेय के स्वामित्व वो आधिपत्य की भूमि वाके मौजा मोपका प.ह.नं.29, रा.नि.मं. मोपका विकासखण्ड बिल्हा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नं. 2272/7 रकबा 0.70 एकड़ एवं खसरा नंबर 2272/8 रकबा 0.03 एकड़ एवं खसरा नंबर 2272/9 रकबा 0.02 एकड़ कुल खसरा योग 3 कुल रकबा 0.75 एकड़ एवं दोनों मिलाकर कुल रकबा 1.75 एकड़ स्थित है। यह सारी भूमि तजम्मुल हक उम्र 42 साल पिता श्री शम्सुल हक जाति मुसलमान पेशा व्यापार निवासी प्रायमरी स्कूल के पास तोरवा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास मुख्तारनामा से और इनसे भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दिया जा चुका है। अतः जिस किसी भी उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, सहकारी संस्था, शासकीय-अशासकीय निकाय एवं किसी प्रायवेट व्यक्ति का कोई हक व अधिकार निहित हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति दर्ज करायें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं भूमि पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगी।

अस्तु सूचना जानें।
SHARVAYAH DEVELOPERS LLP.
पता - राजेन्द्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.- 9406944444, 9131115900

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री बबलू यादव उम्र 37 वर्ष पिता कल्लू यादव निवासी करबला हनुमान मंदिर के पास अधिकृत होकर ईश्तहार प्रकाशित करवा रहा हूं कि मेरे पक्षकार ने रौशन कुमार साहू पिता पुनीराम साहू निवासी अमन विहार दीनदयाल यादव गली, वार्ड नं. 13, मंगला बिलासपुर के अपने आधिपत्य की भूमि मौजा मंगला प.ह.नं. 35, राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा बिलासपुर स्थित खसरा नं. 165/36, रकबा 1040 वर्गफुट भूमि है जिसे कुल राशि 17,16,000 रूपये में क्रय करने का पक्का सौदा हो गया है जिसका इकरारनामा निष्पादित कर 50,000 रुपये बयाना दिया जा चुका है और निकट भविष्य में 10 दिन के अंदर भूमि का पंजीयन कराना तय हो गया है। उक्त जमीन के पंजीयन से किसी भी व्यक्ति /संस्था/ निकाय या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 5 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय
टी.आर. कश्यप (अधिवक्ता)
मेन रोड चाँटीडीह, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98274-82376

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क./ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन गुप्ता पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति गुप्ता निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र सागर गुप्ता पिता पवन गुप्ता के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 28/01/ 2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 13/01/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2026
बिलासपुर, दिनांक 10/01/2026

प्रति,1. आवेदक प्रभात कुमार कुमार पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद कुमार – आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. देवेन्द्र गुप्ता/राम प्रसाद गुप्ता एवं सुमन गुप्ता/देवेन्द्र गुप्ता हलवाई लाईन सा. राजनांदगांव 3. सावित्री देवी साहू / लाल जी साहू सा. हरदीबाजार कोरबा 4. नीरू खेत्रपाल पति राकेश खेत्रपाल अशोक नगर बिलासपुर 5. जितेन्द्र धर दुबे/ बृजनंदन धर दुबे सा. अम्बिकापुर 6. क्षमा पाठक/ सुचिन्त कुमार पाठक सा.मोपका बिलासपुर 7. अमिता खेत्रपाल/ संजय खेत्रपाल सीपत चौक बिलासपुर, 8. अर्चना सिंह /एन.बी.सिंह सा. बंधवापारा सरकण्डा 9. डॉ. राजीव खेत्रपाल/ स्व. ओमप्रकाश खेत्रपाल, सीपत चौक सरकंडा 10. आरती दास, संतोष दास वल्द ईतवारी दास कीर्ति नगर, सिरगिट्टी बिलासपुर 11. हमीदा बेगम, नौशाद अली व्यापार विहार बिलासपुर 12. श्रीमती निशा सोनखरे/ विजय सोनखरे बिलासपुर 13. श्रीमती विमला देवी तिवारी/ श्रीकांत तिवारी अमोला विला बिलासपुर, 14. राजेन्द्र कुमार जुनेजा तोरवा बिलासपुर 15. महेन्द्र प्रसाद/ किशोर प्रसाद, बीसीएम वेस्ट झगराखण्ड कालरी कोरिया एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भः न्यायालय अति. तहसीलदार/ बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक अति.तह./ वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 24/11/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 364/3 (365/3) रकबा 0.07 एकड़ के सीमांकन हेतु आवेदक प्रभात कुमार कुमार निवासी शिवाजी मार्ग टिकरापारा बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय अति तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में गठित दल द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 19/01/26 को समय प्रातः 10:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक मोपका

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क्र/क/रा.नि.म./2026
जूना बिलासपुर दिनांक 14/01/2026

प्रति, 1. सूरज दुबे पि स्व. सनतकुमार 2. फातिम बेगम पति कमाल खान 3. वाजिदअली पि. युसूफअली 4. विजय आहुजा पि. चेतनदास 5 गीता येन्डे पि वेंकटराव 6. सावित्री पति रमाकांत थवाईत 7. लक्ष्मीप्रसाद पित भगेला देवांगन 8. हरिशचंद पि. रामप्रसाद देवांगन 9. रामदास पि-कुंजवा मानिकपुरी 10 जगदीश प्रसाद कश्यप पि ठाकुर 11. बसंत, हेमंत पि शंकर 12 अशोक प्रजापती एवं सर्व संबंधित।

समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार बटांकित भू स्वामी

विषयः-सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह/वा./2025 बिलासपुर दिनांक 26/12/20251

आवेदक सूरज दुबे निवासी कुदुदण्ड के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 294/10 रकबा 0.012 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 20/01/2026 को समय 12 से 5 बजे किया जायेगा।

अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, सैदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-203, आबंटी श्रीमती रेहाना बेगम पति श्री शेख हसन, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2015 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 14.10.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अजीत कुमार कश्यप पिता श्री केजु राम कश्यप, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन **क्रमांक एल.आई.जी - 1119, आबंटी श्री विकाश कुमार तिवारी पिता स्व राधेश्याम तिवारी,** को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक- 19.06.2014 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को क्रेता श्री दीपक कुमार तिवारी पिता स्व. श्री राधेश्याम तिवारी, को दान करना चाहते है। दान अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-755, आबंटी श्री आदित्य अंबेकर पिता स्व. श्री आनंद अंबेकर, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13.04.2012 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 31.05.2018 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री प्रफुल्ल चिपड़े पिता श्री आर.जी. चिपड़े, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अभिलाशा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एम.आई.जी. 1-48 अवंतिका आबंटी श्रीमती पूजा मेढे पति श्री हरिशंकर तिवारी, के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27.01.2011 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती सावित्री देवांगन पति श्री कुशल देवांगन, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। फ्री-होल्ड

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/ तह / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 02/01/2026

ग्राम बहतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बहतराई प.ह.न. 48 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 451/1 कुल रकबा 23 डिसमिल मे से रकबा क्रमशः 08, 10 रकबा भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक डगेश्वर साहू पिता स्व. ढेलऊ राम साहू निवासी बहतराई तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे कार्यालय में दिनांक 22/01/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 02/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### बामपारा में श्रीरामचरित मानस सम्मेलन



**मुंगेली।** समीपस्थ ग्राम करूपान बामपारा में हर साल की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन 14 से 18 जनवरी तक किया जा रहा है, स्वामी नंदाचार्य महाराज दिव्य मारुति धाम बगदई मंदिर बिलासपुर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक श्रीराम कथा का श्रवण करा रहे हैं। रात्रिकालीन में पूर्णिमा देवी त्रिपाठी वृंदावन, अदिति किशोरी वृंदावन, कार्यक्रम के आचार्य संत श्रीराम कृष्ण, मानस मित्र अलीगढ़ कथा का गायन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने दुकाल साहू, हिमन साहू, राजेश साहू, राजकुमार साहू, नंदलाल साहू दिनेश साहू, जलेश्वर साहू, दादू राम साहू सहित ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### प्रदेश शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**रतनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ विखं कोटा की ओर से प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर व विमोचन के लिए समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के संरक्षक विश्राम निर्मलकर रहे, जबकि अध्यक्षता सुनील कौशिक प्रांत अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कामेश्वर बैरागी विखं शिक्षा अधिकारी तखतपुर, भूषण पांडे, अजय महावर, रामेश्वर शांडिल्य एवं बलराम पांडे संरक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों द्वारा वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि विश्राम निर्मलकर ने कहा कि, यह कैलेंडर शिक्षक हित, छात्र हित एवं शाला हित में अत्यंत उपयोगी है। प्रांत अध्यक्ष सुनील कौशिक ने कैलेंडर प्रकाशन के लिए शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। संरक्षक बलराम पांडे ने संगठन को और अधिक मजबूत करने हेतु अधिक से अधिक शिक्षकों को संघ से जोड़ने का आह्वान किया। वहीं अजय महावर ने कैलेंडर प्रकाशन हेतु संघ को बधाई दी। कार्यक्रम में जिला सचिव जय वैष्णव, नगर अध्यक्ष कमल कौशिक, गेंदराम कौशिक, ओमप्रकाश कश्यप, महेंद्र जायसवाल, संतोष गढ़ेवाल, राघवेंद्र दीक्षित सहित संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश पांडे ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुखदेव पांडे ने किया।

### अधिकारियों के आश्वासन पर जन संघर्ष मोर्चा का धरना स्थगित



**पथरिया।** जन संघर्ष मोर्चा सरगांव पथरिया की ओर से तहसील जनपद के सामने जर्जर सड़क व गड्ढों की समस्या को लेकर गुरुवार को होने वाला धरना स्थगित किया गया। गुरुवार को एसडीएम पथरिया एवं पीडब्लूडी के एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ 'जन संघर्ष मोर्चा' के संयोजक दिलीप कौशिक, मनोहर साहू, अजय सिंह, विजय नवरंग, संजीत कोशले, शिव धृतलहरे, सुरज निर्मलकर, शंकर परिहार आदि अधिवक्ताओं ने सार्थक चर्चा की। चर्चा में रोड में गिट्टी के साथ डामर मिलाकर रोड में बिछाने व गढ्ढे को पाटकर समस्या का अस्थाई समाधान निकालने एवं आंदोलन स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। रोड डामरीकरण के लिए भेजे गए प्रस्ताव में गति देते हुए शीघ्र ही स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ करना कहा गया। संयोजक अधिवक्ता दिलीप कौशिक ने कहा कि, जन-मानस को उचित सुविधा मुहैया कराने क्षेत्र में धूलमुक्त स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने संघर्ष जारी रहेगा। अभी फिलहाल समस्या का अस्थाई समाधान किए जाने पर धरना आंदोलन को स्थगित किया गया है।

### स्कूल में स्वेटर कंबल का वितरण



**तखतपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा के प्रधान पाठक सुनील कौशिक के जन्मदिवस पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को स्वेटर एवं महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा शहर अध्यक्ष दिनेश राजपूत एवं जपं अध्यक्ष माधवी वस्त्रकर की उपस्थिति रहीं। दिनेश राजपूत ने कहा कि, शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता, सेवा भाव और संस्कारों का विकास भी शिक्षा का अभिन्न अंग है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकर ने कहा कि, ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, तथा शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करते हैं। इस अवसर पर सहायक विखं शिक्षा अधिकारी संगीता कोरिया, आशुतोष सिंह, जनपद सदस्य श्रीवास, शैलेंद्र उपाध्याय, उजागर सर, प्राचार्य साईं प्रधान पाठक, रामेश्वर गुप्ता, अशोक पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा: कलेक्टर

# कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी, 14 राइस मिल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश एवं मोटर वाहन अधिनियम के तहत 19 राइस मिलों पर कार्रवाई की जा रही है, जिनमें से 14 राइस मिलों को सील कर दिया गया है। राज्य आईसीसीसी से प्राप्त अलर्ट तथा मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अनियमितता पाए जाने पर उक्त कार्रवाई की जा रही है। धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन पूरी सतर्कता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।



राइस मिल पर कार्रवाई करते अधिकारी।

इसी क्रम में राज्य आईसीसीसी से प्राप्त अलर्ट तथा मुख्य सचिव विकासशील के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले की विभिन्न राइस मिलों में छापामार कार्रवाई की गई। जांच में ओवरलोडिंग, रिसायक्लिंग सहित कस्टम मिलिंग में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच उपरांत मुंगेली के उपलेटा राइस मिल, नवागांव घुठेरा रोड स्थित नेशनल दाल मिल, पंडरिया रोड स्थित वर्धमान मिलिंग इंडस्ट्रीज, पंडरिया रोड स्थित जैन राइस इंडस्ट्रीज एवं पंडरिया रोड स्थित नवकार दाल उद्योग में कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी पाए जाने पर 12 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त की गई। वहीं नवागढ़ रोड स्थित दीपक राइस इंडस्ट्रीज एवं दीपक मिलिंग इंडस्ट्रीज में 198 क्विंटल से अधिक धान की कमी पाई गई तथा लोरमी रोड स्थित एसएस फूड में 1761 क्विंटल से अधिक धान की कमी उजागर हुई। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना ने बताया कि अनियमितता पाए जाने पर छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश एवं मोटर वाहन अधिनियम के तहत 19 राइस मिलों पर कार्रवाई की जा रही है, जिनमें से 14 राइस मिलों को सील कर दिया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मिलर्स द्वारा समितियों से धान उठाव का कार्य किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए शासन द्वारा आईसीसीसी कमांड सेंटर का गठन किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, धान खरीदी में पारदर्शिता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहीं भी गड़बड़ी, बिचौलियों की भूमिका, फर्जीवाड़ा या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन द्वारा तय मानकों के अनुसार जिले के किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा।

### कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

**मुंगेली।** धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गुरुवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिले के राइस मिलर्स की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, धान परिवहन में उपयोग होने वाले सभी वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक वाहन में जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राइस मिलों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि, शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर धान खरीदी पूर्ण करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए मिलर्स धान उठाव कार्य में तेजी लाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि, धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित राइस मिलर्स के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सकरी महाविद्यालय का सात दिवसीय रासेयो शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 6 जनवरी से 12 जनवरी तक ग्राम पंचायत पेंडारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। 'नशामुक्त समाज के लिए युवा' थीम पर शिविर आयोजित हुआ।

पहले दिन समारोह आयोजित कर शिविर का उद्घाटन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉरुबी मिल्होत्रा ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रवि मेहर, ग्राम सरपंच लक्ष्मी खांडे, सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू, जन भागीदारी सदस्य रुद्र दत तिवारी, दीपक जायसवाल, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ पीडी महंत, डॉ अजय सिंह, डॉ श्वेता जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

शिविर में परियोजना कार्य अंतर्गत प्रभात रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति, एड्स के प्रति जागरुकता एवं शासकीय परिसरों की साफ-सफाई का संदेश दिया गया। बौद्धिक परिचर्चा अंतर्गत युवाओं में व्यक्तित्व विकास, करियर गाइडेंस, वित्तीय प्रबंधन,नशे के दुष्प्रभाव, सिकल सेल जांच, यातायात जागरूकता, सेल्फ डिफेंस, स्वरोजगार के लिए मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया।

## स्कूल परिसर में नवजात का शव मिलने से सनसनी



**सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम जांजी से एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने इंसानियत के चेहरे पर एक गहरी कालिख भी पोत देता है। महज एक दिन के नवजात शिशु को इतनी निर्दयता से शासकीय हाई स्कूल परिसर में फेंक दिया गया, कि उसके शव के टुकड़े गांव के अलग-अलग घरों के आंगन में पड़े मिले। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह गांव के कुछ बच्चे अपने घरों के बाहर खेल रहे थे। तभी उन्होंने एक कुत्ते को किसी वस्तु को मुंह में दबाकर भागते हुए देखा। बच्चों को जब शक हुआ तो उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने कुत्ते का पीछा किया, लेकिन तब तक वह गांव के कोटवार दीपक वर्मा के घर के बाड़ी में नवजात का सिर छोड़कर भाग चुका था। कुछ ही दूरी पर, अशोक वर्मा के घर के बाड़ी में बच्चे का कमर से नीचे का हिस्सा और दोनों पैर पड़े मिले। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए। देखते ही देखते पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मातम पसरा गया। घटना की सूचना तत्काल सीपत थाना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नवजात के शव के मिले सभी हिस्सों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में नवजात की उम्र लगभग एक दिन बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात को किसने, कब और किन परिस्थितियों में शासकीय स्कूल परिसर में छोड़ा। फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच तेजी से जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि, ऐसी अमानवीय हरकत करने वाले लोग समाज के लिए खतरा हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत किया गया रक्तदान



**बिल्हा।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में, एनएचआईटी की ओर से 15 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भोजपुरी टोल प्लाजा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भोजपुरी और मुदीपार टोल प्लाजा के स्टाफ ने उल्लास के साथ आयोजन में हिस्सा लिया एवं सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ति व्यक्तियों की सहायता हेतु 50 यूनिट ब्लड का योगदान दिया। इस दौरान पीडी बिलासपुर मुकेश कुमार और तकनीकी प्रबंधक पीआईयू बिलासपुर राजेश्वर सूर्यवंशी उपस्थित रहे। मुकेश कुमार ने सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय चालकों से बातचीत की और उनकी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने के महत्व को समझाया। उन्होंने चालकों को हमेशा मानक हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, तेज गति से वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सलाह दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि, सुरक्षित ड्राइविंग न केवल स्वयं की जान बचाती है बल्कि सड़क पर दूसरों की भी सुरक्षा करती है। रक्तदाताओं और सड़क उपयोगकर्ताओं को उपहार स्वरुप हेलमेट, पानी बोतल आदि प्रदान किया गया। शिविर में एनएचआईटी प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश शाही, सुरक्षा प्रबंधक निखिल पांडा, प्लाजा मैनेजर नरेश सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय कुमार शामिल हुए।

## बाइक वर्कशॉप में सेंधमारी का प्रयास



**सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत मटेरियल गेट बहेरापुल के पास स्थित गुगल होंडा वर्कशॉप में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 14 जनवरी 2026 की तड़के सुबह लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। चोरों ने दुकान में घुसने के लिए टीन के शेड के बगल से लोहे को काटकर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की, हालांकि समय रहते चौकीदार की सतर्कता से बड़ी चोरी टल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान के चौकीदार भुलाउ सिदार ने रात के समय संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत दुकान संचालक शशांक गुप्ता को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही संचालक मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि शेड के पास टीन को काटा गया है, और अंदर घुसने का प्रयास किया गया है। दुकान संचालक शशांक गुप्ता ने बताया कि, जिस तरह से टीन काटा गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि अज्ञात लोगों का उद्देश्य चोरी करना था। घटना की सूचना तत्काल सीपत पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। पुलिस का कहना है कि, आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर संदिग्धों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। स्थानीय दुकानदारों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## पेशी देने से नाराज युवक मामले की फाइल लेकर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

तहसीलदार तखतपुर के कोर्ट में बार-बार पेशी दिए जाने से नाराज युवक अपने प्रकरण से संबंधित सारे दस्तावेजों की फाइल लेकर चला गया। जानकारी मिलने पर लिपिकों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। यह अजीबो-गरीब मामला दिन भर तहसील कार्यालय एवं अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय रहा। जानकारी के अनुसार, सलैहा निवासी कमला बाई पति अमोलदास उम्र 83 वर्ष की गुरुवार को तहसीलदार के कोर्ट पेशी थी।

महिला के उम्रदराज होने के कारण उसके पुत्र ने पेशी में मां के बदले स्वयं की उपस्थिति की अनुमति हेतु तहसीलदार से निवेदन किया था, जिसे तहसीलदार ने स्वीकार कर लिया था। हमेशा की तरह कमला बाई का पुत्र पेशी में पहुंचा था, लेकिन तहसीलदार के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण पेशी की अगली




तारीख दी जा रही थी। इसी दौरान गुस्साए युवक ने अपने जमीन से संबंधित कोर्ट में लगे सभी दस्तावेजों की फाइल लेकर चला गया। इधर फाइल लेकर जाने की जानकारी जब लिपिकों को मिली तो वे युवक को इधर-उधर ढूंढने लगे। जब उसका पता नहीं चला, माममे की सूचना अधिकारीयों को दी गई। तहसील कोर्ट से पक्षकार द्वारा मामले की फाइल लेकर चले जाने की सूचना पूरे तखतपुर तहसील परिसर में आग की तरह फैली, और इस घटना पर अधिवक्ता जानकारी लेने लगे। और इस तरह पेशी बढ़ने पर फाइल लेकर जाने की चर्चा दिन भर होती रही।

### फाइल कोर्ट में जमा कर दी

युवक के द्वारा फाइल त्रुटिवश लेकर चले जाने की जानकारी मिली। चूंकि मैं दौरे पर था, इसलिए ज्यादा कुछ नहीं बता पाऊंगा, किंतु कुछ समय बाद युवक ने फाइल वापस लाकर कोर्ट में जमा कर दी।

**- अनिरूद्ध तिवारी**
नायब तहसीलदार तखतपुर

## लोकतंत्र मजबूत करने की प्रक्रिया से अवगत हुए युवा

**सीपत।** लोकतंत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में गुरुवार को एसआईआर के दावा-आपत्ति चरण के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया।




शिविर में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ मुरलीधर स्वर्णकार ने कहा कि, मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला जागरूक मतदाता होते हैं, इसलिए प्रत्येक युवा को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। वहीं डॉ रघुनंदन पटेलने छात्र-छात्राओं को अपने मत के महत्व को समझने और निर्वाचन आयोग के मोबाइल ऐप एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जीवन प्रभाकर गोरे सहायक प्राध्यापक ने फार्म 06 भरने की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया, जबकि डॉ हेमपुष्पा नायक ने फार्म 08 के माध्यम से मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी दी। भूपेन्द्र देवांगन ने फार्म 06-बी के अंतर्गत आधार को मतदाता पहचान पत्र से लिंक करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। महाविद्यालय की स्वीप नोडल अधिकारी डॉ शुभ्रा मिश्रा ने एसआईआर 2026 के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप सूची से संबंधित विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया तथा जिन छात्र-छात्राओं ने अब तक फार्म 06 नहीं भरा था, उन्हें मौके पर ही फार्म उपलब्ध कराकर भरवाया गया। कार्यक्रम का संचालन शत्रुहन घृतलहरे एनएसएस प्रभारी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि, वे न केवल अपना बल्कि अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज कराने की जिम्मेदारी निभाएं।

## बगबुड़वा स्कूल में शिक्षकों ने बच्चों से लगवाई झाड़ू

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

प्राथमिक शाला बगबुड़वा में शिक्षकों द्वारा बच्चों से स्कूल ग्राउंड में झाड़ू लगवाई गई। साथ ही बच्चों से ही खेल मैदान तैयार करने के लिए चूने की पट्टी लगवाई गई। पास खड़े शिक्षक बच्चों को ठीक से काम करने का निर्देश देते रहे।

मुंगेली विखं संकुल केंद्र पुछेली अंतर्गत ग्राम बगबुड़वा प्राथमिक शाला में 15 जनवरी को दोपहर लगभग 1 बजे स्कूल की 6 बच्चीयां खेल मैदान में झाड़ू लगाते एवं साफ-सफाई करती देखी गईं। स्कूल में एक स्वीपर भी पदस्थ है, इसके बावजूद बच्चों से काम कराना हैरान करता है। जानकारी के अनुसार यह काम बच्चे अपनी इच्छा से नहीं कर रहे थे, बल्कि वहां खड़ी एक शिक्षक और तीन शिक्षक बकायदा उन्हें ठीक से काम



करने का निर्देश दे रहे थे। जानकारी मांगने पर बताया गया कि, प्रधानपाठक छुट्टी पर हैं, और स्कूल में खेल-कूद का आयोजन होना है, इसलिए मैदान की सफाई कराई जा रही है। इस कार्य में शिक्षकों की ओर से बच्चों की मदद की जा रही है। स्कूल मैदान में बच्चे नंगे पैर काम कर रहे थे, ऐसे में से झाड़ू लगवाया जा रहा था और चुना से मार्किंग करायी जा रही थी जिससे मैदान में उनके पैर में कांटा चुभने व चोट लगने की संभावना थी। वहां खड़े शिक्षक बच्चों को ऐसा न करने के बजाए बच्चों को ठीक से चूना डालने और झाड़ू लगाने के लिए निर्देश दे रहे थे।

### जानकारी लेकर बता पाउंगा

मैं आज अवकाश पर हूं, कल स्कूल जाकर ही जानकारी लेकर कुछ बता पाउंगा।

**- महेंद्र देवांगन**
प्रधानपाठक प्राशा बगबुड़वा

### कार्रवाई की जाएगी

स्कूली बच्चों से खेल मैदान में झाड़ू नहीं लगवाया जाना चाहिए था, और न ही बच्चों से खेल मैदान के लिए मार्किंग कराने के लिए चूना लगवाना था। इस संबंध में जानकारी लेने के बाद संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- प्रतिभा मंडलोई,** बीईओ पथरिया

## प्रशांत, दया और बलबीर बने ब्लॉक अध्यक्ष



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के विभिन्न ब्लॉकों के लिए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार पेंड्रा ग्रामीण ब्लॉक से प्रशांत श्रीवास, मरवाही ब्लॉक से दया वाकरे तथा गौरेला ब्लॉक से बलबीर सिंह करसायाल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होते ही जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। पार्टी नेताओं का मानना है कि, इन नियुक्तियों से संगठन को नई दिशा मिलेगी और कांग्रेस की जमीनी पकड़ और अधिक मजबूत होगी।

## भोलाराम बने कांग्रेस के मस्तूरी ब्लॉक अध्यक्ष



**मस्तूरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के निर्देशन में बुधवार को प्रदेश के बहु प्रतीक्षित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी की गई। इसी क्रम में संगठन की ओर से मस्तूरी ब्लॉक की जिम्मेदारी ग्रामीण अंचल में पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले एवं ग्राम पंचायत केंवटाडीह टांगर के सरपंच भोलाराम साहू को सौंपी गई है। श्री साहू के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

**खबर संक्षेप**

## दूसरे की जमीन बेचने का झांसा, 11 लाख ठगी

**बिलासपुर।** फर्जी पावर ऑफ अटर्नी से दूसरे की जमीन को बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 11 लाख रुपए की ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई ओमप्रकाश कुर्रे ने बताया, जरहाभाठ एकता कालोनी राहलकर गली निवासी अमित भास्कर ने रिपोर्ट लिखाई। सूर्या साहू, संदीप बंजारे एवं अन्य ने उन्हें एक पावर ऑफ अटनी दिखाकर जमीन बेचने का सौदा किया। उनके बीच सौदा तय होने पर श्री भास्कर ने उन्हें 11 लाख रुपए दे लिया। उसके बाद उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो वे लोग बहानेबाजी कर टालने लगे। उन्होंने जमीन मालिक की जानकारी लेकर उनके पास गए तो उन्हें पता चला कि युवकों ने फर्जी महिला खड़ी कर फर्जी पावर ऑफ अटर्नी दिखाकर उनसे जमीन बेचने के एवज में 11 लाख रुपए ठग लिया है। उन्होंने पैसा वापस मांगा तो लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने अमित भास्कर की रिपोर्ट पर सूर्या साहू, संदीप बंजारे एवं अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बैंक खाता खोलकर 5 लाख 51 हजार की धोखाधड़ी

**बिलासपुर।** ग्रामीण के नाम पर बैंक खाता खोलकर उससे 5 लाख 51 हजार का लेनदेन कर धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी निवासी सूर्यदेव मंगेशकर पिता लीलाराम मंगेशकर 24 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनको इंडियन ओवरसीज बैंक में लाकर जबरदस्ती उनके नाम से बैंक खाता खुलवाकर तत्काल उनसे एटीएम व पासबुक लेकर याकिब खान, पवन मंगेशकर ने अपने पास रख लिया था। उसके बाद उक्त बैंक खाते से 5 लाख 55 हजार 473 रुपए का लेनदेन किया गया है। पुलिस ने सूर्यदेव की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## आरक्षक भर्ती में लगाया अनियमितता का आरोप



**बिलासपुर।** आरक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ज्ञापन सौंपन के लिए शहर से पैदल रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं। 15 जनवरी को अलग अलग जगहों से आरक्षक भर्ती से बाहर हुए बड़ी संख्या में अभ्यार्थी पुलिस ग्राउंड में एकत्रित हुए। उसके बाद आरक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए पुलिस लाइन से रायपुर जाने के लिए पैदल रवाना हुए। जानकारी होने पर एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सिविल लाइन टीआई एसआर साहू स्टाफ के साथ रास्ते में अभ्यार्थियों को रोककर समझाइस दी गई। किन्तु अभ्यार्थी अपनी मांग को लेकर रायपुर जाने के लिए अड़े रहे। उसके बाद अभ्यार्थी पैदल रायपुर के लिए रवाना हो गए है। इस दौरान अभ्यार्थियों ने नारेबाजी करते नजर आए और भर्ती का विरोध कर इसे रद्द करने की मांग की। शासन से इस पर शीघ्र ही निर्णय लेने की अपील की।

**बिलासपुर वन मंडल की योजना** | बोइर पड़ाव में किया गया था 12 साल पहले काम, 22 लाख में बनाए गए कैंप में नहीं हो रही थी बुकिंग

# समितियों के हाथों में सौंपी गई खोंदरा के नेचर कैंप की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर का बोइरपड़ाव में सबसे चर्चित रिसॉर्ट अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इसे संवारने के लिए वन विभाग के पास पैसा नहीं है और शासन से भी किसी तरह की राशि नहीं मिल रही थी। इसके कारण अब नेचर कैंप को नई स्तर से बनाने के अलावा गांव की समितियों को चलाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

नेचर कैम्प वन विभाग की महत्वपूर्ण योजना है। कुछ प्रमुख वन मंडलों में नेचर कैम्प बनाने की योजना थी। जब इन वन मंडलों की सूची में बिलासपुर वन मंडल का नाम शामिल हुआ था तो इस बात की प्रसन्नता हुई कि विभाग पर्यटकों को एक बड़ी सौगात दे रहा है। बिलासपुर वन मंडल ने शहर से करीब 55 किलोमीटर की दूरी पर खोंदरा के बोइरपड़ाव में वर्ष 2013-14 में नेचर



कैम्प का निर्माण कार्य किया। जंगल के बीचो बीच विभागीय अफसरों ने करीब 7 टेंट बनाए, जिसमें पर्यटकों के आराम के लिए बेड, खाने-पीने के लिए टेबल कुर्सियां, लाइट की भी सुविधा दी गई। अस्तित्व में आने के बाद नेचर कैम्प पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो गया। इसकी वजह नेचर कैम्प के पीछे प्रकृति का भव्य नजारा था। घनघोर जंगल के बीच चट्टान और उसमें बहता पानी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र था। करीब 22 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए गए नेचर कैम्प की कुछ दिन पहले तक न तो बुकिंग होती और न ही पर्यटकों को इस क्षेत्र में सैर करने की अनुमति दी जा रही थी। जर्जर हो रहे नेचर कैम्प को संवारने के लिए वन विभाग बिलासपुर के अफसरों ने ईस्टीमेट और बजट बनाकर कई बार मुख्यालय को भेजा, लेकिन मुख्यालय ने बजट स्वीकृत के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं दी गई। बजट के अभाव में विभाग नेचर कैम्प की मरम्मत भी नहीं कराया जा रहा था। असुविधा और विभाग की बेवजह की सख्ती के कारण पर्यटक भी नेचर कैम्प से मुंह फेर रहे थे, जिसकी वजह से विभाग को भी नुकसान हो रहा था।

### गेट पर लगाया था ताला

खोंदरा नेचर कैम्प को संभालने वाले पूर्व कर्मचारियों के अनुसार विभाग मेंटनेंस से हाथ खींच चुका है। इसकी वजह से गेट पर ताला लगाए जाने के कारण प्रतिदिन सैलानी भी मायूस लौट रहे थे। सैलानियों के नहीं होने और मेंटनेंस के अभाव में नेचर कैम्प उजड़ने लगा था, जिसके चारों ओर झाड़ियां और टेंट का बुरा हाल हो गया। तेज आंधी से टेंट उड़ जाते थे। टेंट के अंदर बिछाए कारपेट खराब हो गए और दरवाजे के चेन नहीं लग रहे थे।

### पहुंच मार्ग खराब होती है परेशानी

आरक्षित जंगल होने की वजह से वन विभाग नेचर कैम्प जाने के लिए बनी सड़क को नहीं बना सकता है। नेचर कैम्प जाने वाली सड़क ऐसी है कि मेन रोड से जंगल होते हुए टेंट तक 1 किलोमीटर का रास्ता पार करने में पर्यटकों को एक घंटे से अधिक का समय लग जाता है। उबड़ खाबड़ रास्ते को विभागीय अफसर बनाना नहीं चाहते हैं। वहीं एटीआर और कानन पेण्डारी जू दोनों जगह मिट्टी व मुरूम की सड़क पर पर्यटक आसानी से पहुंचकर भ्रमण का लुत्फ उठाते हैं।

### उद्देश्य नहीं हो सका पूरा

नेचर कैम्प बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण व वनों के महत्व से अवगत करना, प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति रूचि जागृत करना और स्थानीय वनवासियों को ईको पर्यटन आधारित रोजगार से अवसर उपलब्ध कराना था। 10 साल बाद भी इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। किसी भी स्कूल के छात्रों का कैंप यहां नहीं लगा और न ही उन्हें पर्यावरण की जानकारी दी गई।

### समिति कर रही संचालन

बोईरपड़ाव का नेचर कैँप की हालत काफी खराब हो चुकी थी। इसे संवारने के लिए कई बार बजट की मांग भी की गई। अब नेचर कैंप को समिति को दे दिया गया है। समिति इसको संवारने के साथ संचालन भी कर रही है। इससे समिति के सदस्यों को रोजगार भी मिल रहा है।

**-शुभम मिश्रा**, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

**अनदेखी का शिकार हुआ पूरा प्रक्षेत्र:** ली जा सकती थीं कई फसलें, लेकिन एक फसल भी नहीं

# सीसल प्रक्षेत्र की चार ट्यूबवेल वाली 75 एकड़ जमीन 'बंजर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा रोड में चोरभट्ठी के पहले कृषि विभाग द्वारा स्थापित सीसल प्रक्षेत्र अनदेखी का शिकार हो चुका है। कहने को तो यहां 75 एकड़ खेती की जमीन है, लेकिन फिलहाल बंजर हालत में है। जिले के किसानों को उन्नत खेती-किसानी के सूत्र बताने वाला कृषि विभाग अपनी ही जमीन पर उन्नत खेती तो दूर, सामान्य खेती तक नहीं कर पा रहा है।

जिले में खेती-किसानी की उन्नत तकनीक का पता लगाकर किसानों तक पहुंचाने एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में मजबूती लाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया कृषि विभाग अपने ही सीसल प्रक्षेत्र में खेती नहीं कर पा रहा है। चोरभट्ठी स्थित यह प्रक्षेत्र वैसे तो तीन सौ एकड़ में फैला है, लेकिन खेती लायक जमीन यहां 75 एकड़ ही है। खेदजनक बात यह है कि यहां खेती केवल दस प्रतिशत हिस्से में ही जिंदा रह गई है। शेष भूमि बारह महीने बंजर पड़ी रहती है।

ऐसा भी नहीं है कि यहां सिंचाई के साधन मौजूद नहीं है। यहां चार-चार ट्यूबवैल स्थापित किए गए हैं। प्रक्षेत्र को व्यवस्थित रखने यहां एक पूर्णकालिक सहायक संचालक का पद भी सृजित किया गया है, लेकिन न तो यहां अधिकारी का पता है, और न ही कर्मचारियों का। सारा कामकाज मनमर्जी से चल रहा है।



सीसल प्रक्षेत्र की बंजर पड़ी जमीन।







**चार माह से झांकने तक नहीं आए अधिकारी**

सीसल प्रक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी को दिया गया है। दिक्कत यह है कि जिनको सीसल प्रक्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है वे ही यहां का प्रभार लेने के दिनांक से आज तक प्रक्षेत्र में नहीं आए हैं। यही कारण है कि यहां कर्मचारियों की भी उपस्थिति नहीं रहती। कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार प्रक्षेत्र में आना-जाना करते हैं।

### फसल व सोलर पंप के प्लेट की चोरी

सीसल प्रक्षेत्र का क्षेत्र काफी विस्तृत है। कहने को तो यहां चौकीदार की नियुक्ति की गई है, लेकिन यहां की निगरानी एक चौकीदार के भरोसे संभव नहीं है। विभाग के ही अधिकारियों का कहना है कि यहां चोरों द्वारा लगाई गई फसल की चोरी कर ली जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि चोरों ने बीते दिनों प्रक्षेत्र के भीतर लगे सोलर पंप की प्लेट चोरी कर ली। परिसर में वर्ष 2006-07 में की गई फैंसिंग भी पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है, जिससे रात में जंगली व पालतू पशु प्रक्षेत्र में प्रवेश कर फसलों को नुकसान पहुंचा देते हैं।

### शासन को पत्र लिखा गया है

प्रक्षेत्र में फैंसिंग नहीं होने के कारण पशुओं से फसल को नुकसान हो जाता है। बीते दिनों चोरों ने पंप की प्लेट भी चोरी कर ली। फैंसिंग के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। वर्तमान में 8 एकड़ में सरसों की फसल ली गई है। प्रक्षेत्र प्रभारी दोहरे प्रभार में हैं, लेकिन समय-समय पर उन्हें निरीक्षण करना चाहिए। उनके एक बार भी प्रक्षेत्र नहीं जाने की जानकारी नहीं है। यदि वे नहीं गए हैं तो अनुचित है।

**-पीडी हथेश्वर**, डीडीए

# ट्रक ड्राइवर व खलासी को चाकू मारकर लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 माह पूर्व कोनी क्षेत्र के गतौरी में ट्रक ड्राइवर व खलासी के साथ हथियार से लैस युवकों ने मारपीट करते हुए खलासी पर चाकू से हमला कर नकद रकम, मोबाइल लूट लिया था। कोनी पुलिस ने दोनों का प्राथमिक इलाज कराने के बाद चलता कर दिया था। घटना के 9 दिन बाद घायल खलासी की मध्य प्रदेश स्थित उसके गांव में मौत हो गई। घटनास्थल को लेकर मामले की फाइल थाना चौकी में घूमती रही। घटनास्थल तय होने के बाद कोनी पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

- **9 दिन इलाज के बाद खलासी की मौत**

मामले का चश्मदीद गवाह ट्रक का ड्राइवर कोरिया बैकूंठपुर निवासी राज सिंह ने बताया, 17 अगस्त 2025 को वह खलासी अनूपपुर भालूमाड़ा पपारी निवासी पारसनाथ केंवट पिता स्व. लालमन केंवट 52 साल के साथ अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से ट्रक में सीमेंट लोडकर जा रहा था। रात 4.30 बजे कोनी गतौरी के पास टायर फट जाने से खलासी नीचे में टायर बदल रहा था और वह केबिन में सो गया। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार 3 लोग तलवार, चाकू से लैस होकर आए और खलासी के पास मारपीट करते हुए केबिन में चढ़कर उनके साथ मारपीट करते हुए 11 हजार रुपए नकद, मोबाइल लूट लिया। खलासी पारसनाथ केंवट ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। इसी दौरान कोनी पुलिस आई और दोनों का सिम्स में प्राथमिक इलाज के बाद चलता कर दिया था। ड्राइवर घायल चालक को उसके घर में छोड़कर चला गया। 23 अगस्त को खलासी की तबियत खराब हो गई। परिजन उसे कोतमा अस्पताल लेकर जा रहे थे, किन्तु उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। कोतमा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मामले की डायरी बिलासपुर एसपी को भेज दी थी। चश्मदीद गवाह से पूछताछ कर घटनास्थल का पता चलने पर 15 जनवरी को कोनी थाने में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घूमती रही फाइल

मृतक खलासी के परिजन ने कोतमा पुलिस को घटनास्थल केंदा के पास बता दिया था। एसएसपी ने डायरी ने कोटा पुलिस को भेजी। कोटा से बेलगहना फिर से केंदा पुलिस सहायता केंद्र भेजा गया। पूछताछ में ड्राइवर से खुलासा हुआ घटनास्थल कोनी गतौरी की है। उसके बाद केंदा पुलिस सहायता केंद्र पुलिस ने शून्य में हत्या का मामला दर्ज कर डायरी कोनी थाने में भेजा गया है। अब कोनी पुलिस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

### कोतमा से डायरी आने के बाद किया जुर्म दर्ज

कोतमा से डायरी आने पर घटनास्थल केंदा आने पर डायरी बेलगहना भेजी गई थी। पूछताछ में घटनास्थल कोनी गतौरी होने पर डायरी यहां भेजी गई। डायरी मिलने पर उक्त मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**-भावेश शेंडे**, कोनी टीआई।

# स्मार्ट मीटर ने बढ़ाया बिजली विभाग का राजस्व

**बिलासपुर।** स्मार्ट मीटर से बिजली विभाग वसूली अभियान गति पड़ रहा है, राजस्व में बढ़ोत्तरी अब स्मार्ट मीटर के सहारे ही की जा रही है। बिजली विभाग ने पश्चिमी डिवीजन के लिए 1136 उपभोक्ताओं से 2 करोड़ 11 लाख का लक्ष्य रखा था, जिसे पूरा करते हुए 772 उपभोक्ताओं ने बिल का भुगतान कर दिया है। खास बात यह है कि 2 माह में बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर रायपुर कार्यालय द्वारा तत्काल कनेक्शन बंद किया जा रहा है, जिससे घबराए उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान करने में तत्परता दिखाया जा रहा है।

- **पश्चिमी डिवीजन ने वसूले 98 लाख रूपए**

सूत्रों के अनुसार पश्चिमी डिवीजन में करीब 218 करोड़ का बकाया अभी भी बाकी है, मार्च करीब है ऐसे में उपभोक्ताओं से वसूली तेज कर दी गई है। 192 करोड़ 44 लाख रूपए की बकाया राशि सरकारी कार्यालय द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। वहीं 26 करोड़ 31 लाख रूपए निजी उपभोक्ताओं से वसूल किया जाना है। विभाग द्वारा नॉन स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर नोटिस थमा रहा है और कई जगहों पर डिस्कनेक्शन की कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन विभाग के लिए स्मार्ट मीटर बेहद सहुलियत साबित हो रहा है। पिछले एक हफ्ते में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटे है, इसका कारण समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं होना है, कनेक्शन कटने के बाद विभाग के खाते में 98 लाख रूपए जमा कराए गए है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रायपुर कार्यालय द्वारा लंबित बिल पर नजर रखी जा रही है।

### पूर्व डिवीजन में 234 करोड़ का बकाया

जहां पश्चिमी डिवीजन में बकायादारों से ऑनलाइन तरीके से वसूली की जा रही है, वहीं पूर्व डिवीजन में 234 करोड़ रूपए का बकाया राशि लंबित है। इसके वसूलने के लिए कार्रवाई जारी है लेकिन फिर भी राशि के अनुपात पर वसूली कम है। सरकारी कार्यालय से ही विभाग को करीब 183 करोड़ रूपए की वसूली की जानी है।

### भुगतान नहीं होने पर सप्लाई बंद होती है

रायपुर कार्यालय द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बंद की जाती है, यह तभी होता है जब बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पाता है। हमारे पास प्रकरण आने पर तत्काल राशि का भुगतान कराया जाता है और महज कुछ ही देर में कनेक्शन जोड़ दिया जाता है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन है, इसमें देरी नहीं होती है।

**-भरत भूषण नेताम**, ईई, पश्चिमी डिवीजन

# आधी रात पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, अस्पताल किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मस्तूरी क्षेत्र के निजी डे केयर अस्पताल को सील कर दिया है। इस दौरान अस्पताल में तीन मरीज भर्ती थे वहीं कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था जिसे गंभीरता से लेते हुई सील करने की कार्यवाही की गई है।

मस्तूरी ब्लाक के जोंधरा में संचालित श्रीकेयर हॉस्पिटल में बीती रात स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कारवाई की गई।अस्पताल में मेडिकल कौंसिल से पंजीकृत डॉक्टर की मौजूद नही थे। वहीं कलेक्टर को मिली शिकायत में कहा गया था कि अस्पताल में रात के समय मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। शिकायतकर्ता ने रात 8 बजे के बाद अस्पताल का निरीक्षण करने का निवेदन किया था। शिकायत संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने संस्थान पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए थे। हॉस्पिटल संचालक ने नर्सिंग होम एक्ट के आवेदन में अपने संस्थान में चिकित्सक डॉ. जगेश कुमार वर्मा, डॉ. धरम प्रकाश साहू एवं डॉ. अनूप कुमार सहित पंजीकृत स्टाफ कार्यरत होने की जानकारी दी है। शिकायत के आधार पर श्रीकेयर हॉस्पिटल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी मस्तूरी द्वारा रात 12 बजे अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में छ.ग. मेडिकल कौंसिल से पंजीकृत चिकित्सक एवं नर्सिंग कौंसिल/पैरामेडिकल कौंसिल से पंजीकृत स्टाफ कार्यरत होना नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान 3 मरीज भर्ती पाए गए किंतु उनकी देखभाल एवं उपचार के लिए कोई डॉक्टर एवं स्टाफ ड्यूटी में मौजूद नहीं थे।

- **कलेक्टर के निर्देश पर मस्तूरी के डे केयर अस्पताल में टीम ने मारा छापा**

निरीक्षण के दौरान रात्रि में अस्पताल संचालक मनोज पटेल एवं अन्य स्टॉफ मौजूद थे। अस्पताल मरीजों के भर्ती के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने पर रात में ही मरीजों को शासकीय अस्पतालों में रिफर कराया गया तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्थान को सील कर दिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# करंट से ग्रामीण की मौत फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शिकार के लिए लगाए कांटा तार के करंट से ग्रामीण की मौत के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, 29 अक्टूबर 2025 को ग्राम धूमा छेरहापारा निवासी अयोध्या सिंह खुशरों 35 साल गांव के लोगों के साथ डिडोर के जंगल में जगली जानवर के शिकार करने गए थे। जानवरों के शिकार के लिए उन लोगों ने जंगल के बीच करंट का कांटा तार फैलाया गया था। उक्त कांटा तार के करंट की चपेट में आकर अयोध्या खुसरो की मौत हो गई थी। पकड़े जाने के भय से उसके साथियों ने उसका उठाकर दूसरे जगह लेकर गए और लाश जला दी थी। 15 जनवरी को उक्त मामले में फरार आरोपी मालिकराम मरावी पिता नैन सिंह मरावी 27 साल धनरास कोटा, नवापरिहा उर्फ मनहरण सिंह पिता झैनू सिंह मरावी 50 साल नर्मदा डिंडोल कोटा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।




